26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 26 सितम्बर, 2026

अंक- 333 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## शहबाज ने यूएन में भारत को जंग की धमकी दी

### कहा- सिंधु के पानी को रोकने की गलती न करें, कश्मीर को गले की नस बताया

न्यूयॉर्क ( एजेंसी/चिंगारी )। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने यूएन ( संयुक्त राष्ट्र संघ ) में भारत को जंग की धमकी दी। उन्होंने कहा कि भारत सिंधु नदी का पानी न रोके। पानी रोकने की कोशिश को पाकिस्तान 'युद्ध की कार्रवाई' मानेगा। शहबाज ने कहा कि पानी को कभी हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए। भारत को इसे लेकर कोई



गलती नहीं करनी चाहिए। शहबाज शरीफ ने यूएन में कश्मीर का मुद्दा भी उठाया। शहबाज ने कहा कि कश्मीर हमारे लिए जगलर वेन ( गर्दन की नस ) है। गर्दन की नस शरीर की अहम हिस्सा है। इसके कटते ही इंसान की मौत हो जाती है। यूएन में शहबाज शरीफ के दावों का भारतीय अधिकारी पेटल गहलोत ने राइट ऑफ रिप्लाई के तहत जवाब दिया। गहलोत ने कहा कि पाकिस्तान साल-दर-साल झूठ दोहराकर उसे सच नहीं बना सकता।

# भारत को एशियाड में तीसरा स्वर्ण

## ईरान को हराकर भारतीय महिला कबड्डी टीम ने जीता सोना

आइची-नागोया ( एजेंसी/चिंगारी )। भारतीय महिला कबड्डी टीम ने आज एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबले में ईरान को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आज यहां टोकाई सिटिजन्स जिम्नेजियम में हुए फाइनल मुकाबले में भारत की महिला कबड्डी टीम ने ईरान को 37-34 से हराकर अपना एशियाई खेलों का चौथा स्वर्ण पदक जीता। अब तक हुए पांच एशियाई खेलो में ईरान ने जकार्ता 2018 में फ़ाइनल में भारत को हराकर यह खिताब जीता था। दिलचस्प बात यह है कि ईरान ने फाइनल मैच की शुरुआत अपनी स्टार रेडर और कप्तान ज़हरा करीमी को बेंच पर बिठाकर की। डिफेंडिंग चैंपियन ने शानदार शुरुआत की। रेडर पूजा, संजू देवी और निकिता हथवाला ने शुरुआती पॉइंट हासिल किए और टीम को 5-2 की बढ़त दिला दी। हालांकि, ईरान ने सुपर टैकल के ज़रिए स्कोर



बराबर किया और 7-5 की बढ़त बना ली। लेकिन भारत ने तुरंत वापसी की और मैच का पहला 'ऑल आउट' करके ईरान पर 13-10 की बढ़त बना ली। इसके तुरंत बाद निकिता हथवाला ने दो पॉइंट की रेड की और स्कोर 15-10 कर दिया। मैट पर वापस लौटीं करीमी ने अतेना मादेदी की मदद से मैच का रुख पलटने की कोशिश की। हालांकि, भारतीय डिफेंस ने ईरान की स्टार रेडर सानिया नईमी को कोई मौका नहीं दिया और उन पर पूरी तरह काबू बनाए रखा। संजू देवी ने एक और मल्टी-पॉइंट रेड की - जिसमें बोनस और दो टच पॉइंट शामिल थे - जबकि डिफेंस ने लगातार सफल टैकल किए। इससे हाफ़-टाइम से दो मिनट पहले ही भारत की बढ़त दहाई के अंक (डबल डिजिट) तक पहुँच गई।

हाफ-टाइम की सीटी बजने से पहले के आखिरी दो मिनट ईरान के नाम रहे। एक सुपर टैकल, उसके बाद बोनस और मादेदी के शानदार एंकल होल्ड की बदौलत जकार्ता 2018 की चैंपियन टीम ने ब्रेक तक अंतर को कम करके 22-16 कर दिया।

दूसरे हाफ में ईरान पूरी तरह जोश में नजर आया। डिफेंस के मजबूत खेल और सानिया नईमी के अचानक लय में आने से, उन्होंने स्कोर का अंतर कम करके 23-20 कर दिया। दबाव के बीच, जब मैट पर भारत की सिर्फ़ दो खिलाड़ी बची थीं, रितु नेगी ने सानिया को 'थाई होल्ड' करके शानदार सुपर टैकल किया। पूजा ने भी अहम पॉइंट हासिल किए ताकि भारत 'ऑल आउट' न हो जाए। लेकिन आखिरकार मदादी ने एक ही रेड में दो टच पॉइंट हासिल करके भारत को 'ऑल आउट' कर दिया और खेल खत्म होने में आठ मिनट बाकी रहते हुए स्कोर को सिर्फ़ एक पॉइंट (27-26) के अंतर पर ला दिया।

मैच का रुख बदलने के लिए भारत ने रेडर्स पर भरोसा जताया और उन्होंने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया। पूजा ने पूरे मैच की तरह टच पॉइंट हासिल करना जारी रखा और संजू देवी ने भी कुछ बड़ी रेड्स के ज़रिए योगदान दिया। खेल खत्म होने में चार मिनट से कुछ ज़्यादा समय बचा था और भारत ने 34-28 की बढ़त बना ली थी। जैसे-जैसे समय बीतता गया, ईरान के खेल में गलतियाँ होती गईं, जबकि भारत ने रेड्स के दौरान समय बिताने की कोशिश की। आखिरकार भारत ने 37-34 से जीत हासिल की और अपना खिताब बचाए रखा।

खुशखबरी खुशखबरी

10वीं व 12वीं पास SC, ST, EWS, तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए 100% निशुल्क प्रवेश!

कोर्सस के नाम:

ANM | GNM | B.Sc. Nursing
D.Pharm | B.Pharm | BMLT
BCA | BBA | B.Tech
Polytechnic | Fashion Designing
एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम

BDS और BAMS ONLY
16 लाख मे
WITH ROOM, FOOD
TOTAL PACKAGE

छात्रों के लिए विशेष लाभ:

- संस्थान द्वारा सभी कोर्स पूर्णत: नि:शुल्क।
- पढ़ाई के साथ-साथ ₹10,000/माह की शानदार पेड इंटर्नशिप।
- TCS जैसी टॉप कंपनियों और कैलाश जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों में कॉर्पोरेट व क्लिनिकल जॉब के बेहतरीन अवसर।
- सरकारी छात्रवृत्ति (Scholarship) सीधे छात्र के बैंक खाते में।
- 100% कैरियर सपोर्ट और सुनिश्चित प्लेसमेंट सहायता।

जल्दी करें — सीटें सीमित हैं!

आज ही संपर्क करें, अपना फॉर्म भरें और एक सुनहरे भविष्य की दिशा में अपना पहला कदम उठाएँ।

Call / WhatsApp:
98374 58181, 94569 51520

Address:
ऑल नेट इंडिया ट्रस्ट (ALLNETINDIATRUST),
शॉपर्स प्राइड मॉल (SRS Mall), शक्ति चौक,
बिजनौर - 246701 (U.P.)

## कांग्रेस और सपा के बीच जिताऊ प्रत्याशी की क्षमता पर होगा सीटों का बंटवारा- राजेन्द्र चौधरी

सहारनपुर (एजेंसी/चिंगारी)। समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के बीच आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर मचे



घमासान और दोनों दलों के प्रमुख नेताओं के द्वारा की जा रही बयानबाजी के प्रकरण को लेकर पार्टी की ओर से आज अधिकृत बयान जारी किया गया है। सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता एमएलसी राजेंद्र चौधरी ने आज कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बार-बार यह बात साफ कर चुके हैं कि यूपी विधान सभा का अगला चुनाव सपा और कांग्रेस इंडिया गठबंधन के तहत मिल कर लडेंगे और सीटों के बंटवारे को लेकर कोई विवाद और झंझट पैदा नहीं होगा। श्री चौधरी ने कहा कि अखिलेश यादव और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बीच इस बात को लेकर सहमति बन गयी है कि सीटों के बंटवारे का आधार पार्टी उम्मीदवारों के जीतने की क्षमता होगा। उन्होंने कहा कि बहुमत मिलने की स्थिति में अखिलेश यादव मुख्यमंत्री होंगे इस पर भी दोनों नेताओं के बीच सहमति है। ऐसी सूरत में किसी को भी विवाद पैदा नहीं करना चाहिए और ना ही बेमतलब की बयानबाजी करनी चाहिए।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)


1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# नजीबाबाद में धूमधाम के साथ निकाली गई भगवान गणपति की शोभायात्रा

## माखन मटकी प्रतियोगिता रही आकर्षण का केंद्र, समारोह में उमड़ा जनसैलाब

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर में श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति की ओर से 42 वीं श्री गणेश की भव्य विसर्जन शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। इस अवसर पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। रेलवे स्टेशन रोड पर उत्सव और उल्लास का माहौल रहा। शोभायात्रा में शामिल सुंदर झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। शोभायात्रा में तीन स्थानों पर माखन मटकी फोड़ प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही।

कल शाम नगर के रेलवे स्टेशन स्थित शिव मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ एएसपी सिटी डॉ. कृष्णगोपाल सिंह, एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, सीओ सुनील कुमार, समिति के संरक्षक चौधरी कुलवीर सिंह, शैलेंद्र चौधरी एड., वरिष्ठ पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी, भाजपा नेत्री लीना सिंघल, भाजपा नेता राजन टंडन गोल्डी, केडी सिंह देशवाल, गणेश चौथ महोत्सव समिति के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, डॉ. राजीव अरोड़ा, डॉ. एसके जौहर, विनय कौशिक आदि ने किया। इससे पूर्व नगर के सिद्धि विनायक मंदिर में दोपहर को श्री गणेश की महाआरती की गई। इसके बाद भगवान जी को डोले पर सवार करके रेलवे स्टेशन तक ले जाया गया।

कार्यक्रम में विशेष आकर्षण प्रथम माखन मटकी रेलवे स्टेशन के बाहर, दूसरी बाजार कल्लूगंज व तीसरी चौक बाजार में अलग-अलग टीमों द्वारा फोड़ी गई। माखन मटकी प्रभारी शैलेंद्र चौधरी ने बताया कि प्रत्येक माखन मटकी फोड़ने वाली टीम को 11-11 हजार रूपए का नकद पुरस्कार दिया गया। शोभायात्रा में भगवान जी के डोले सहित सुंदर झांकियां शामिल रही।

शोभायात्रा में आजाद बैंड नजीबाबाद, डोला साउंड, गणपति डोला, प्रसाद ट्रॉली, कीर्तन मंडली, कृष्णा जी की आरती, महाकाल नासिक डोल इस्लामनगर, आदर्शनगर साउंड, आदर्शनगर गणपति डोला, अघोरी रोड शो, दुर्गा माता दरबार, पनी टैंकर, काली माता रोड शो, राधा कृष्ण-राम, महाकाल डोल डमरू इस्लामनगर, क्लासिक बैंड देहरादून, हनुमान जी दरबार शिवम मेरठ, गणपति राजस्थानी रोड शो अतुल, असली नन्दी रोड शो शिवम मेरठ, राम दरबार अतुल, संगम बैंड देहरादून शामिल रहा। शोभायात्रा रेलवे स्टेशन से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए देर रात मालिनी तट टीला मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई।




शोभायात्रा में शामिल अतिथिगण व श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक।

शोभायात्रा को सफल बनाने में श्री गणेश चौथ समिति के संरक्षक चौधरी कुलवीर सिंह, शैलेंद्र चौधरी, राजन टंडन गोल्डी, अवनीश अग्रवाल टांडेवाले, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल बर्तन वाले, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, प्रचार मंत्री डॉ. एसके जौहर, मंत्री रविंद्र चौहान, कार्यक्रम संयोजक मंडल के आलोक अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, लोकेश गोयल, डॉ. राजीव अरोड़ा, नितिश सिंघल, प्रबंधक डॉ. राहुल वर्मा, विपिन अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, शरद शर्मा आदि का सहयोग रहा।

### भगवान गणपति के आशीर्वाद से उत्साह व शांति से सम्पन्न हुआ महोत्सवः चौधरी कुलवीर

नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति के संरक्षक चौधरी कुलवीर सिंह ने कहा कि 42 वां गणेश चौथ महोत्सव हमारी धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता व आपसी भाईचारे की मजबूत परंपरा का प्रतीक है। भगवान श्री गणपति के आशीर्वाद से यह महोत्सव जिस श्रद्धा, शांति, अनुशासन व भव्यता के साथ संपन्न हुआ, वह पूरे नगर के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब व युवाओं का जोश यह दर्शाता है कि हमारी सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराएं आज भी नई पीढ़ी के दिलों में पूरी मजबूती से जीवित हैं। चौधरी कुलबीर सिंह ने कहा कि भगवान गणपति का भव्य डोला, आकर्षक झांकियां, ढोल-नगाड़ों की गूंज व युवाओं के उत्साह ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। विशेष रूप से युवाओं ने जिस अनुशासन व जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभाई, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने, आपसी सद्भाव बढ़ाने व आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने महोत्सव की सफलता के लिए आयोजन समिति, प्रशासन, पुलिस, नगरवासियों, विभिन्न टीमों, झांकी संचालकों व सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग से ही इतना विशाल आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। उन्होंने कहा कि भगवान गणपति सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और नगर में सुख, शांति, समृद्धि एवं भाईचारा कायम रहे यही उनकी कामना है।

## बुग्गी से टकराने पर बाइक सवार की मौत

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के कोटावाली नदी वन विभाग चेक पोस्ट के पास हरिद्वार की ओर से आ रहे बाइक सवार के आगे चल रही बुग्गी में पीछे से टकराने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मंडावली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल युवक आकाश कुमार पुत्र रामपाल निवासी सियावाली भट्ट, अफजलगढ़ को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। मृतक के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### सूचना

पहले मेरा नाम मोहित कुमार रस्तोगी था। अब मैंने अपना नाम अपने सभी अभिलेखों में मोहित रस्तोगी करा लिया है। भविष्य में मुझे मोहित रस्तोगी के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**-मोहित रस्तोगी पुत्र अनिल कुमार, निवासी रमेश कालोनी मौहल्ला, गडरियान, नजीबाबाद ( जिला बिजनौर )**





अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है

पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर

मो. 9762717747

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9119766026


शोभायात्रा के दौरान गणेशमय हुआ
बिजनौर का वातावरण ( पेज 13 )



# फैक्ट्री के कचरे में लगी आग में झुलसे एक बालक की मौत, दूसरे भाई की हालत गंभीर

**शेरकोट ( चिंगारी )**। बीते रविवार को पटाखा फैक्ट्री के कचरे में लगी आग से झुलसे एक किशोर की शुक्रवार की रात उपचार के दौरान दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई,जबकि उसके बड़े भाई की हालत गम्भीर बनी हुई है। किशोर की मौत की खबर मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया।

गौरतलब है कि क्षेत्र के गांव वाजिदपुर निवासी चंद्रवीर सिंह के पुत्र रोहित 16 वर्ष और रोहन 14 वर्ष बीते रविवार की शाम शाम जंगल से चारा लेने गए थे। इस दौरान दोनों भाई मंधोरा मार्ग पर स्थित बंद पड़े ईंट भट्ठे के पास पटाखा फैक्ट्री से निकालकर डाले गए कचरे में धमाके के साथ लगी आग में गम्भीर रूप से झुलस गए थे। दोनों भाईयों को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर ले जाया गया था, जहां से उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया था। 60 से 70 प्रतिशत तक जले दोनों भाईयों को बिजनौर से हायर सेंटर रेफर कर दिये जाने पर परिजन उन्हें सफदरजंग अस्पताल दिल्ली ले गए थे। जहां उनका उपचार चल रहा था। इस दौरान जिंदगी मौत के बीच जूझ रहे रोहन ने रात दम तोड़ दिया। रोहन के पिता चंद्रवीर सिंह ने मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शाम तक रोहन का शव घर पहुंचेगा। घटना के छः दिन बाद रोहन की मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मचा है और गांव में शोक व्याप्त है।


मृतक रोहन का फाइल फोटो

बताया जाता है कि चंद्रवीर सिंह के तीन पुत्र और दो पुत्रियों में मृतक रोहन चौथे नंबर का था। परिजनों के मुताबिक वह कक्षा पांच का छात्र था। इस मामले में चंद्रवीर की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद सहित आठ दस अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। जिनमें दो अभियुक्त पहले से ही जेल में बंद और एक सऊदी अरब में है। पुलिस एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि एक को पकड़ने के प्रयास कर रही है। वहीं इस घटना के बाद क्षेत्र में संचालित दो पटाखा फैक्ट्री भी सील की जा चुकी है।

# धामपुर के विद्या मंदिरों में मनाया गया 'नमामि भारतम्' कार्यक्रम

**धामपुर ( चिंगारी )**। विद्या भारती से सम्बद्ध नगर के सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिरों में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 'नमामि भारतम' के अंतर्गत सामूहिक वंदे मातरम का गायन किया गया। **लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर** में विद्यालय की अध्यक्षा शोभा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनिता गोयल , उप व्यवस्थाधिका रश्मि गोयल, संरक्षक राकेश चन्द्र अग्रवाल, संजय अग्रवाल , राजीव गोयल एवं मुख्य अतिथि श्रीमती नीरजा सिंह (कवियत्री एवं लेखिका), श्रीमती उमेश कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आभावती ने वंदे मातरम के बारे में बताया। आचार्या बहनों रेनू, अनीता, सरिता, मीनाक्षी, अलका, पूर्णिमा, प्रीति, पारुल, प्रियंका, अर्चना, मेघना, विनीता, दिपिका, मधु, काजल, संजय कुमार शर्मा, अशोक कुमार, केशव सैनी, जीतेन्द्र कुमार शर्मा ने सामूहिक रूप से वंदे मारतम का गायन किया।

**पुरुषोत्तम शरण भानुप्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर** में सामूहिक वंदे मातरम का कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. अमित कुमार सिंह एवं प्रोफेसर गोपाल कृष्ण तिवारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमराज सिंह चौहान (सेवानिवृत्ति अपर जिला सहकारिता अधिकारी दुर्गा विहार) द्वारा की गई। विद्यालय के उपाध्यक्ष डॉ. शंकरलाल शर्मा, उप प्रबंधक अंकित राणा, केशव सिंह, सुमित शर्मा, शरद कुमार राजवंशी, नीरज प्रजापति, केशव सिंह व प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह रहे।

**मां शान्तिबाई सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज जैतरा** में शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. रश्मि शर्मा रावल, मुख्य वक्ता मनुदेव वैदिक, जिला प्रचारक धामपुर, अध्यक्ष मदनपाल सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. इन्द्रवीर सिंह ने भारत मां के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया। मनुदेव वैदिक ने बताया कि देश की आजादी में इस गीत का बहुत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। क्रांतिकारियों ने इस गीत को विशेष दर्जा दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के संरक्षक महेन्द्र धनौरिया, अध्यक्ष अमिताभ सिंह, व्यवस्थापक अक्षत बंसल कोषाध्यक्ष डॉ. पुनीत नंदन विद्यालय के सहव्यवस्थापक यशवीर सिंह प्रधानाचार्य डॉ. इन्द्रवीर सिंह ने सामूहिक वंदे मातरम् गीत गया। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ आचार्य लेखराज सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य धर्मेंद्र सिंह ने किया।


रामगोपाल रामचन्द्र सरस्वती विद्या मन्दिर

**रामगोपाल रामचन्द्र सरस्वती विद्या मन्दिर** में मातरम् का सस्वर सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक इन्द्रदेव सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ धामपुर, विपिन कुमार ने की।

इस अवसर पर बस्ती प्रमुख महावीर सिंह, अजय पाल, विजय पाल एम.डी., देवेन्द्र सिंह, सरदार अजिन्द्र पाल सिंह, धामपुर तहसील के नोडल अधिकारी ओमनारायण, शरद कुमार, पूर्व छात्रों में अंकित राणा, प्रवीण कुमार, डॉ. रवि प्रताप, सुशील गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, मयंक अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, वंश वर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विनय कुमार व रामजी पाण्डेय ने सयुंक्त रूप से किया।




कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## जवाब दो ज्ञानेश जी!

चुनाव आयोग को लेकर देश में बवाल की स्थिति है। सड़कों पर आंदोलन हो रहे हैं। एक ऐसी संस्था जिसे टीएन सेशन ने विशेष पहचान दी थी। तब देश की जनता को पहली बार लगा था कि चुनाव आयोग भी कोई संस्था है, जिसके पास अपार शक्तियां हैं, जिनका उपयोग देश में निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव कराने और लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने के लिये होना चाहिए। श्रीमान सेशन से पहले देश में चुनाव का मखौल बनाया जाता था, लेकिन उन्होंने जो चुनाव सुधार किये, उससे देश के लोकतंत्र की एक नई तस्वीर सामने आई जिसमें चुनावों में पूरी तरह पारदर्शिता व निष्पक्षता नजर आने लगी। सेशन के बाद उनके उत्तराधिकारियों ने भी चुनाव सुधारों को तरजीह दी, जिससे भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में चुनाव पारदर्शी ढंग से होने लगे, जिससे आम जनता का विश्वास चुनाव आयोग व लोकतंत्र में बढ़ने लगा। दुर्भाग्य से वर्तमान चुनाव आयोग कटघरे में आ खड़ा हुआ है। विशेषकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार संदेह के घेरे में हैं। इसके बावजूद वह सामने आकर स्थिति को स्पष्ट नहीं कर रहे, जिससे संदेह गहरा होता जा रहा है। इस बीच इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट से रायता और फैल गया है। चुनाव आयोग के कई फैसलों को लेकर विपक्षी दलों में संशय बना हुआ है, जिनमें एक उदाहरण फ़ॉर्म 6 का है, जिसे नया मतदाता बनने के लिए भरना पड़ता है। आयोग के पोर्टल पर उसमें यह सवाल जोड़ दिया गया कि आवेदक, उसके माता-पिता या दादा-दादी का नाम पिछली एसआईआर की मतदाता सूची में था या नहीं। सवाल को अनिवार्य नहीं बताया गया, लेकिन उसका जवाब दिए बिना ऑनलाइन आवेदन आगे नहीं बढ़ता था। 16 मई को चुनाव आयुक्त विवेक जोशी ने फ़ाइल पर लिखा था कि कानून के तहत निर्धारित फ़ॉर्म को 1960 के नियमों में संशोधन किए बिना इस तरह नहीं बदला जा सकता। 19 मई को दूसरे चुनाव आयुक्त संधू ने उनकी बात से सहमति जताई। इसके बावजूद बदलाव लागू हुआ। 13 अगस्त को संधू ने उसे 'अनधिकृत' और 'ग़ैरक़ानूनी' बताते हुए तत्काल हटाने को कहा, ताकि पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं को परेशानी न हो। यह आयुक्तों की दर्ज की हुई कानूनी आपत्ति थी, किसी अदालत का अंतिम निष्कर्ष नहीं। लेकिन आयोग के लिए इसका सार्वजनिक रूप से स्पष्ट जवाब देना ज़रूरी है। समाप्त

# यूनिफार्म सिविल कोड से मुस्लिम महिलाओं को फ़ायदा, मर्दों को नुक़सान?



**▶▶ इक़बाल हिन्दुस्तानी**

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि 2029 के आम चुनाव से पहले बीजेपी व एनडीए शासित सभी 21 राज्यों में यूसीसी यानी यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू कर दिया जायेगा। उत्तराखंड और गोवा में यूसीसी पहले से ही लागू है। दूसरी तरफ गुजरात में इसी साल मार्च में, असम में मई में और मध्य प्रदेश में जुलाई 2026 में यूनिफार्म सिविल कोड का बिल पास हो चुका है, लेकिन अभी राज्यपाल/राष्ट्रपति की मंज़ूरी नहीं मिलने से लागू नहीं हुआ है। महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में भी यूसीसी लागू करने के लिए प्रक्रिया चल रही है।

जहां तक मुस्लिम समाज पर यूसीसी के असर का सवाल है, बेशक उसको धार्मिक रूप से कड़ा ऐतराज होगा और वह अपने संवैधानिक शरीयत कानून का हक़ छिनने पर आहत भी ज़रूर होगा, लेकिन सीएए के खिलाफ़ किए गए अपने असफल आंदोलन से वह इस बार शायद ही आंदोलन को सड़क पर उतरे। अलबत्ता इस्लामी आलिमों की तरफ से यूसीसी का अभी से विरोध शुरू हो गया है, जो आगे बयान मांग-पत्र और आस्तीनों पर काले बैज लगाने तक सीमित रह सकता है। यूसीसी के लागू होने पर मुस्लिम पुरुष एक से अधिक शादी, एकतरफा तलाक़, तलाक़ के बाद भरण पोषण से बचाव, निकाह हलाला, तलाक़ या पति की मौत पर मुस्लिम महिला इद्दत (4 माह 10 दिन) लड़कियों का बाल विवाह, उत्तराधिकार में लड़कों को लड़कियों से संपत्ति में हिस्सा आधा और गोद लेने व लिव इन रिलेशन में रहने की मनाही जारी नहीं रख पाएंगे। उनको शादी का रजिस्ट्रेशन कराना भी कानूनन अनिवार्य होगा।




हालांकि यूसीसी अनुसूचित जनजाति को छोड़कर हिंदू, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन सभी धर्मों के मानने वालों पर भी लागू होगा, लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जैसे इस्लामी संगठन इसको शरीयत और मुस्लिम समाज की संस्कृति को प्रभावित करने वाला बताकर विरोध करते आ रहे हैं। आगे भी करेंगे, लेकिन आम मुस्लिम उनका खुलकर सक्रिय समर्थन शायद ही करे। सेक्युलर दल और उनकी सरकारें इसीलिये मुसलमानों की नाराज़गी से बचने को यूसीसी लागू नहीं करती थीं और उनमें से अधिकांश अब भी जबरन यूसीसी थोपने के खिलाफ़ हैं। एनडीए के जेडीयू और टीडीपी जैसे कुछ घटक भी इसके सपोर्ट में नहीं हैं, लेकिन अंत में वे बीजेपी के सामने घुटने टेक देते हैं तो इस बार भी ऐसा ही होने की संभावना प्रबल है। कांग्रेस जैसे बड़े सेक्युलर दलों का कहना है कि जब तक मुस्लिम समाज के भीतर से ही यूसीसी लागू करने की मांग नहीं आए तब तक किसी भी सरकार को यूसीसी लागू नहीं करना चाहिए। हालांकि बीजेपी का सियासी मकसद मुस्लिम समाज की भलाई से ज्यादा यूसीसी लागू करके अपने हिंदू वोट बैंक को खुश करना है, लेकिन बदले हुए माहौल में राम मंदिर निर्माण और कश्मीर से धारा 370 हटाने की तरह इस कदम से उसको राजनीतिक लाभ मिलना काफी मुश्किल लग रहा है।

यह ठीक है कि इससे मुसलमान पुरुषों के अधिकार घटेंगे और कानूनी जिम्मेदारी काफ़ी बढ़ जायेगी, साथ ही महिलाओं को बराबर अधिकार भी मिलेंगे, लेकिन सीएए और वक़्फ़ बोर्ड संशोधन कानून की तरह पूरे समाज का सीधा नुकसान और भेदभाव का सामना उनको नहीं करना होगा। जहां तक एक से अधिक शादी पर रोक का सवाल है, तो एनएफएसएच 5 के आंकड़े बताते हैं कि मुसलमान 1.9 प्रतिशत यानी ईसाई समाज के 2.1 प्रतिशत से कम ही बहुविवाह करते हैं। अलबत्ता यह हिंदुओं के 1.3 प्रतिशत से कुछ अधिक है, जबकि बहुविवाह में पूरे देश का औसत प्रतिशत 1.4 है। इस मामले में यह याद दिलाना भी उचित होगा कि इस्लाम में बहुविवाह का चलन उस समय शुरू हुआ था जब जंगों में बड़ी संख्या में मर्द मारे जाते थे और औरतें विधवा हो जाती थीं। अब कम से कम भारत में तो ऐसा कुछ नहीं है। दूसरी बात शरीयत में एक से ज्यादा निकाह की छूट इस शर्त पर दी गई है जब कोई मर्द सब पत्नियों के साथ सौ फीसदी समान बर्ताव करे जो कि मुश्किल नहीं नामुमकिन सा होता है। एकतरफा एक समय में तीन तलाक़ ए बिद्दत पर पहले ही कानूनन रोक लग चुकी है जो कि इसका दुरुपयोग होने से समय की ज़रूरत भी थी, जबकि यूसीसी से तीन माह में दी जाने वाली तलाक ए एहसन पर भी रोक लगेगी तो पति-पत्नी की आपसी सहमति या कोर्ट से तलाक़ लेने का रास्ता भी खुलेगा। तलाकशुदा पत्नी को उसकी दूसरी शादी होने तक भरण पोषण का खर्च देना ज़रूरी होगा, जो न्यायसंगत ही है। चर्चित शाहबानो के केस में सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा ही फैसला धारा आईपीसी की 125 के तहत दिया था, जिसको कांग्रेस की राजीव गांधी सरकार ने संसद में पलट दिया था, लेकिन इससे बीजेपी को अपना हिंदुत्व एजेंडा राम जन्मभूमि आंदोलन तेज़ कर आगे बढ़ाने को उर्वर ज़मीन मिली थी। निकाह हलाला को लेकर खुद इस्लामी आलिमों में भारी मतभेद हैं। सुन्नी मुफ्तियों का बड़ा हिस्सा इसको ग़ैर शरई बताता है, जबकि चंद मुस्लिम विद्वान इसको मान्यता भी देते हैं, जिससे मुस्लिम समाज में यह कुप्रथा कम ही सही लेकिन मौजूद है, इसका ख़ात्मा होना स्वागत योग्य होगा। जहां तक तलाक़ या पति की मौत पर महिला की इद्दत का मुद्दा है तो यह व्यवस्था इस्लाम में ऐसी महिला की दूसरी शादी होने पर होने वाले बच्चे के वास्तविक पिता को लेकर उठने वाले विवाद से बचने को की गई थी, लेकिन अब इसके लिए मेडिकल साइंस में ऐसे आधुनिक गर्भावस्था परीक्षण होने लगे हैं जिसको जानने के लिए 130 दिन वेट करने की कोई जरूरत नहीं है। बालविवाह अन्य धर्मों की तरह मुस्लिम समाज में भी करने की कुप्रथा रही है जिसको यूसीसी से रोकना नाबालिग बच्चियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहतर ही होगा। मुस्लिम पर्सनल लॉ के मुताबिक माता-पिता से उत्तराधिकार में मुस्लिम बेटियों को बेटों से आधा हिस्सा मिलता है, जबकि यूसीसी लागू होने के बाद यह बराबर देना होगा, संविधान की लैंगिक समानता के हिसाब से यह भी ठीक ही होगा। ऐसे ही सबके लिए एक जैसी वसीयत, निसंतान दंपत्ति का बच्चा गोद लेना और मुस्लिम प्रेमी-प्रेमिका का लिव इन रिलेशन में रहना अब आम बात है, इसे यूसीसी मान्यता देगा तो अब तक शरीयत में वर्जित इन बातों से मुस्लिम समाज में सुधार ही होगा।

अब बात करते हैं यूसीसी के सियासी और संवैधानिक मकसद पर तो बीजेपी के एजेंडे में यूसीसी, राम मंदिर और धारा 370 के साथ शुरू से ही रहा है। इनमें से दो लक्ष्य उसने पहले ही पूरे कर लिए हैं, लेकिन यूसीसी अभी भी बाक़ी है। पहले पीएम मोदी ने 2023 में यूसीसी की चर्चा जब ज़ोरदार तरीके से शुरू की थी, तो लगा था वे केंद्रीय स्तर पर इसके लिए कोई विधेयक लाने जा रहे हैं, लेकिन बाद में यह तय हुआ कि यूसीसी पहले बीजेपी और एनडीए शासित राज्यों में लाया जाए, जिससे इसके प्रभाव और प्रतिक्रिया को आंका जा सके। वैसे भी यह मामला संविधान की समवर्ती सूची में आता है जिससे केंद्र व राज्य दोनों इसको कानून बनाकर लागू कर सकते हैं। संविधान सभा भी इस मुद्दे पर बंटी हुई थी, इसीलिए इस मुद्दे को भविष्य में विचार के लिए आने वाली सरकारों के विवेक पर छोड़ दिया गया था, लेकिन संविधान के दिशा निर्देशक सिद्धांत यह ज़रूर कहते हैं कि यूसीसी के लिए नागरिकों के बीच सहमति बनाने का प्रयास जारी रखा जाए। इंडियन एक्सप्रेस अख़बार में एक लेख लिखकर इंडियन मुस्लिम फॉर सेक्युलर डेमोक्रेसी, भारतीय मुस्लिम महिला आंदोलन, मुस्लिम सत्यशोधक मंडल और रोशनी जैसी संस्थाओं की महिला पदाधिकारियों ने राहुल गांधी से मुस्लिम महिलाओं के समान अधिकार दिलाने को यूसीसी का समर्थन करने की अपील की है।

(नोट : लेखक नवभारत टाइम्स डॉट कॉम के ब्लॉगर और तर्कशील समाज के संपादक हैं।)

# मुश्किल होता जा रहा डी.एल. बनवाना

## कौन दे रहा लूट की छूट?

पिस्तौल का लाइसेंस लेना आसान, लेकिन बिजनौर के नौजवानों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना मुश्किल होता जा रहा है। और यह मुश्किल होना अपने आप में गलत नहीं है। ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने से पहले मजबूत ड्राइविंग टेस्ट, यातायात नियमों की जानकारी और आवश्यक मानसिक एवं व्यवहारिक परीक्षण होना जनहित में जरूरी है, क्योंकि पिस्तौल से निकली गोली किसी की जान ले सकती है, तो गलत तरीके से चलाया गया वाहन भी किसी की जान ले सकता है।



लेकिन सवाल यह है कि क्या ईमानदारी से ड्राइविंग टेस्ट पास करने वाले नौजवान को सिर्फ इसलिए फेल किया जाए कि वह भ्रष्ट व्यवस्था का हिस्सा बनने से इनकार करता है?

बिजनौर के नौजवानों में यह चर्चा आम है कि पहले एआरटीओ कार्यालय में कथित रूप से 2,000 में लाइसेंस बन जाता था, फिर 6,000 तक की बातें सामने आती रहीं और अब वर्तमान व्यवस्था में 10,000 तक की रकम मांगे जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इन आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

और यदि किसी राजनीतिक दल के नेता, किसान संगठन के पदाधिकारी या समाजसेवा का दावा करने वाले लोग भी इस कथित भ्रष्टाचार में आर्थिक हिस्सेदारी रखते हैं, तो यह और भी गंभीर विषय है। समाज सेवा का अर्थ भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़ा होना है, भ्रष्टाचार में हिस्सेदारी करना नहीं।

बिजनौर का नौजवान जवाब चाहता है- जब कोई युवक गाड़ी ठीक से चलाता है, नियम जानता है और टेस्ट देने जाता है तो उसे फेल क्यों किया जाता है? और यदि किसी को गाड़ी चलाना ही नहीं आता, तो क्या पैसे लेकर उसे पास किया जा सकता है?

जिलाधिकारी महोदय, पुलिस अधीक्षक महोदय और परिवहन विभाग से आग्रह है कि इस पूरे मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेकर निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि जांच के लिए प्रमाण चाहिए तो हम उपलब्ध कराने को तैयार हैं। हम किसी अधिकारी या व्यक्ति को बदनाम करने के लिए नहीं, बल्कि बिजनौर के नौजवानों को भ्रष्टाचार से बचाने के लिए आवाज उठा रहे हैं। हमारा संघर्ष व्यवस्था के खिलाफ नहीं, व्यवस्था में बैठे भ्रष्टाचार के खिलाफ है।



नौजवानों को लूटने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती।

व्यवस्था सुधरेगी तो हम साथ खड़े होंगे, लेकिन यदि भ्रष्टाचार जारी रहा तो संघर्ष भी होगा और फिर यह संघर्ष पूरी मजबूती के साथ होगा।

**-चौधरी दिगंबर सिंह**
किसान एवं जनहित के मुद्दों पर संघर्षरत

## उत्तम त्याग निःस्वार्थ भाव से दान व समर्पण करने की प्रेरणा देता है : सरोज जैन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** श्री दिगम्बर जैन पचायती व सरजयती मन्दिर मे जैन धर्म के दशलक्षण का आठवां दिन उत्तम त्याग दिवस के रूप मे मनाया गया। उत्तम त्याग धर्म पर वरिष्ठ श्राविका सरोज जैन ने त्याग धर्म का महत्व समझाते हुए कहा कि यह धर्म निःस्वार्थ भाव से दान व समर्पण करने की प्रेरणा देता है। इसमें मुख्य रूप से चार प्रकार के दान की महिमा बताई गई है। आहार दान, औषधि दान, ज्ञान (शास्त्र) दान व अभय दान। इस दिन लोग अपने परिग्रह (धन-दौलत या वस्तुओं के प्रति मोह) को छोड़कर त्याग की भावना की आराधना करते हैं। मूलनायक वेदी पर सामूहिक अभिषेक कर भगवान शान्तिनाथ पर शान्ति धारा धीरज जैन व सुरभि जैन परिवार की ओर से की गई। सामूहिक पूजा भगवान आदिनाथ, भगवान मल्लिनाथ, भगवान पुष्पदंत, भगवान विमलनाथ श्री रत्न पूजन देवशास्त्र गुरु पंचमेरू की पूजा की। पूजन में राहुल जैन, पारसनाथ जैन, वसु जैन, प्रसू जैन, भाविक जैन, जिनेश्वर दास जैन, नमन जैन, भगवान वर्धमान की वेदी पर लोकेश जैन, नेहा जैन, भगवान आदिनाथ की वेदी पर राजीव जैन, पूनम जैन, सरजायती मंदिर मे नेमिनाथ की वेदी पर देव शास्त्र, गुरू पूजा भगवान महावीर पूजन, भगवान आदिनाथ पूजन, श्री नेमीनाथ तीन रत्न पूजन सदीप जैन आशा जैन, दीपक जैन, नीरज जैन, कुशमन्दनी जैन, अक्षय जैन, निधि जैन, निशी जैन, सतोष जैन, संजय जैन, चुमकी जैन, सुनीता जैन, कुमकुम जैन, रश्मि जैन उपस्थित रही।

## प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सेवा सप्ताह सेवा सुशासन एवं जनभागीदारी का संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रोजेक्ट अलंकार उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल के अन्तर्गत विद्यालय के सौन्दर्य करण



आधारभूत सुविधाओं एवं शैक्षिक वातावरण को सुदृढ़ करने हेतु कार्य हुए है। राजकीय इंटर कॉलेज भागूवाला में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के आधार पर काम कर रही है। चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि देश आज मोदी जी के नेतृत्व में विश्व पटल पर स्कूल कालेज का विकास, सड़कें, हाईवे, मेट्रो ट्रेन चमक रही है। कॉलेज प्रांगण में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में निशा परवीन, सालिहा परवीन, नंदनी वर्मा, शिफा परवीन, चित्रकला प्रतियोगिता में सफिया, महकशा, इकरा परवीन ने स्थान पाया। प्रधानाचार्य एवं अतिथियों ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य पंकज कुमार की अध्यक्षता एवं हरपाल सिंह के संचालन में कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, गुलनाज़ परवीन, यास्मीन, आफरीन, सचिन देशवाल, मोहम्मद इरफान, महफूज आलम आदि उपस्थित रहे।

## फार्मासिस्ट दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**हल्दौर ( चिंगारी )।** स्व.श्री दिलावर सिंह मेमोरियल शिक्षा समिति द्वारा स्थापित हल्दौर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के सौजन्य से विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर बाल किशनपुर चौराहा पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का



आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के ग्रामीणों एवं राहगीरों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। लोगों ने महाविद्यालय की इस पहल की सराहना की। शिविर को सफल बनाने में फार्मेसी विभाग के प्रवक्ताओं सरजीत सिंह, सूर्य प्रताप एवं सदाकत अली का विशेष योगदान रहा। फार्मेसी विभाग के छात्र-छात्राओं शाहीन परवीन, नेहा, गुल जहां, दिव्या, तानिया, रिजा परवीन, अनिकेत कुमार एवं अभय कुमार ने स्वास्थ्य परीक्षण में सक्रिय सहयोग किया। शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ फार्मेसी शिक्षा एवं फार्मासिस्टों की सामाजिक भूमिका को भी रेखांकित किया गया।

## अघोरी कलाकारों को महाकाल भक्त मंडल ने किया सम्मानित

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर के पास गणेश महोत्सव कार्यक्रम में स्थानीय युवाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवान गणेश जी की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना एवं आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। विधि विधान से पूजा अर्चना अपार भारद्वाज द्वारा संपन्न कराई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में युवाओं व बच्चों ने भगवान अघोरी की सुंदर एवं मनमोहक झांकियां प्रदर्शित की। जिसमें श्रद्धालुओं ने नाचते गाते हुए हर हर महादेव व भगवान गणेश जी के जयकारे लगाए। इस अवसर पर महाकाल भक्त मंडल के संस्थापक अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने सभी अघोरी कलाकारों के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए महादेव परिवार की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर हिमांशु पाल, अनमोल वर्मा, आदि जैन, वंश छाबड़ा, कोमल उर्फ पाठा कश्यप, गौरव, रुद्राक्ष गौड़, देव तोमर, अंश शर्मा आदि मौजूद रहे।






# श्रीजी की पालकी यात्रा निकालने के साथ जैन धर्म के दस लक्षण पर्व हो गये समाप्त

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म जैन धर्म के दशलक्षण पर्व का दसवां और अंतिम महत्वपूर्ण धर्म है, जिसका अर्थ अपनी आत्मा (ब्रह्म) में रमण करना और वासनाओं से मुक्त होना है। शुक्रवार को मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में नौ दिन से चल रहे दस लक्षण विधान का अंतिम दिन रहा। सुबह नित्य नियम पूजा अभिषेक तथा उसके उपरांत अनंत चौदस के उपलक्ष्य में पालकी यात्रा का आयोजन किया गया। पालकी यात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची जहां श्री जी का अभिषेक पूजन व आरती हुई।

उसके उपरांत पालकी यात्रा मोहल्ला गुजरातियान स्थित शान्तिनाथ जैन मंदिर में आकर सम्पन्न हुई। जिसमें प्रथम इंद्र की बोली पंकज जैन और द्वितीय इंद्र की बोली परवीन जैन अभिषेक जैन ने ली। कुबेर की बोली करुणानिधि जैन हर्षित जैन ने तथा



पालकी यात्रा में शामिल जैन धर्मालंबी।

आरती की बोली निखिल जैन आयुष जैन ने ली। पालकी यात्रा में अनिल जैन, प्रशांत जैन, अरुण जैन, सम्यक जैन, अतिशय जैन, सुगम जैन, ऋषभ जैन उदित जैन, यश जैन, अमन जैन, अभिनव जैन, प्रदीप जैन, अभिषेक जैन, विशाल जैन, नीरज जैन, वंदित जैन सार्थक जैन, निखिल जैन, कुमुद जैन, चंचल जैन, ममता जैन अपूर्वी जैन, चारु जैन, मधु जैन, राखी जैन, ऋचा जैन, अमिता जैन, साक्षी जैन, प्रगति जैन, पलक जैन, अंकिता, जैन अल्पना जैन, पारुल जैन, आरुषि जैन, शिल्पी जैन, आरती जैन, सीमा जैन, अंजना जैन, बबीता जैन आदि शामिल रहे।

# औषधि सुरक्षा सप्ताह के दौरान, बीजीयू में हुए विशेष व्याख्यान छात्रों को कराई प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रियाओं की पहचान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर क्षेत्र के झंडीचौड़ स्थित भगवंत ग्लोबल यूनिवर्सिटी के फार्मेसी विभाग की ओर से भारतीय फार्मेसी परिषद के औषधि-सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत विश्वविद्यालय सभागार में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को औषधियों की सुरक्षा, प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रियाओं की पहचान एवं निगरानी तथा दवाओं के सुरक्षित व तर्कसंगत उपयोग के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर फार्मेसी विभाग की प्राचार्य डॉ. ज्योति सक्सेना ने कहा कि औषधि सुरक्षा केवल सैद्धांतिक ज्ञान नहीं, बल्कि रोगी सुरक्षा की नींव है। भविष्य के फार्मासिस्ट के रूप में छात्रों की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है। प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रियाओं की सही पहचान, निगरानी और रिपोर्टिंग से ही रोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने सभी छात्रों को ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने और व्यावहारिक ज्ञान को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रति-कुलपति प्रो. डॉ. पी.एस. राणा ने कहा कि भारतीय फार्मेसी परिषद के औषधि-सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित ऐसे कार्यक्रम छात्रों में जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को विशेषज्ञों के अनुभव से जोड़ना आवश्यक है। मुख्य वक्ता गुरूकुल कांगड़ी विवि हरिद्वार के डॉ. अश्विनी जांगड़ा ने छात्रों को नेटवर्क औषधिविज्ञान और स्विस ए डी एम ई की मूल अवधारणाओं, वैज्ञानिक-प्रयोगात्मक पहलुओं एवं व्यावहारिक उपयोगों पर विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसंस के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिंह एवं उपाध्यक्ष डॉ. आशा सिंह सहित विवि का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# 10 दिन तक श्रद्धापूर्वक करके पूजा अर्चन गंगा में किया गणेश-मूर्ति का विसर्जन



**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में गणेशोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। ग्राम वासियों द्वारा 14 सितंबर को हरिद्वार से गणपति जी की प्रतिमा विधि-विधान पूर्वक लाकर गांव के प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में स्थापित की गई थी। स्थापना से लेकर 10 दिनों तक मंदिर में प्रतिदिन पूजा-अर्चना, का आयोजन किया गया। कल अनंत चतुर्दशी पर प्राचीन शिव मंदिर से गणेश जी की भव्य झांकी निकाली गई, जो गांव की परिक्रमा करते हुए गंगा घाट की ओर पहुंची। झांकी में मुख्य आकर्षण राधा के रूप में सजी बच्चियां रहीं। माही, रिया और यीशु ने राधा स्वरूप में मनमोहक प्रस्तुति दी। परिक्रमा के बाद श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणपति जी की प्रतिमा का विसर्जन किया। इस दौरान सुरेंद्र सैनी, पूजा सैनी, सुभाष सैनी, इकबाल सिंह, विकास सैनी, लालाराम सैनी, संजय सैनी, विपिन सैनी, पिंकू सैनी, धर्मवीर सैनी, कविता कौर, कोमल, रिंकी बाला सैनी, संगीता, आरती, हरजीत रानी, प्रमोद, यशपाल, संजय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय
निकट थाना कोतवाली, धामपुर
मनोज कात्यायन 9927500708
जुल्फिकार मंसूरी 9568154643

# संस्कृत प्रतियोगिताओं के वरिष्ठ वर्ग में भी कोटद्वार के विद्यालयों का रहा दबदबा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड संस्कृत संस्थान हरिद्वार द्वारा आयोजित विकास खण्ड दुगड्डा की खण्ड स्तरीय वरिष्ठ वर्ग की संस्कृत प्रतियोगिताओं में भी कनिष्ठ वर्ग की तरह कोटद्वार के विद्यालयों का दबदबा रहा। मेहरबान सिंह कण्डारी इंटर कॉलेज कालाबड़ में सम्पन्न हुई प्रतियोगिताओं के अंतर्गत समूहगान प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार प्रथम, पी एम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कण्वघाटी द्वितीय, राजकीय बालिका इंटर कालेज कोटद्वार तृतीय स्थान पर रहा। समूह नृत्य में राजकीय इंटर कॉलेज कुम्भीचौड़ प्रथम, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुगड्डा द्वितीय, मेहरबान सिंह कण्डारी इंटर कॉलेज तृतीय,नाटक में राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार प्रथम, मेहरबान सिंह कण्डारी इंटर कॉलेज कोटद्वार द्वितीय, वाद-विवाद में प्रथम मेहरबान सिंह कण्डारी इंटर कॉलेज कोटद्वार प्रथम, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लालपानी, द्वितीय राजकीय इंटर कॉलेज दुगड्डा तृतीय, आशु भाषण में मेहरबान सिंह कण्डारी इंटर कॉलेज प्रथम, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लालपानी द्वितीय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुगड्डा तृतीय व श्लोकोच्चारण में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार प्रथम, मेहरबान सिंह कण्डारी इंटर कॉलेज कोटद्वार द्वितीय राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कण्वघाटी तृतीय स्थान पर रहे।

# 70वीं पूर्वी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन

**धामपुर ( चिंगारी )।** आरएसएम इंटर कॉलेज में चल रही 70वीं पूर्वी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि शरद कुमार प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल शाह अलीपुर नीचल तथा ओम नारायण सिंह प्रधानाचार्य राजकीय विवेकानंद इंटर कॉलेज कुंडीपुरा उपस्थित रहे।



विजेता टीम को सम्मानित करते हुए शिक्षक।

प्रतियोगिता के घोषित परिणाम में सब जूनियर बालक वर्ग गोला फेंक में मोहम्मद हुजैफा प्रथम, चक्का फेंक में प्रथम, ऊंची कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा हरप्रीत सिंह जनता इंटर कॉलेज मुकरपुरी ने ऊंची कूद में प्रथम 100 मीटर में प्रथम तथा लंबी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर बालिका वर्ग में चैंपियन शिव अंजली जोशी ने 600 मी दौड़ में प्रथम 200 मीटर दौड़ में प्रथम तथा 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग में चैंपियनशिप राजकीय हाई स्कूल शाह अलीपुर निकल के डिंपल ने 800 मीटर दौड़ में प्रथम, 3000 मीटर दौड़ में प्रथम ,1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग चैंपियनशिप में कुमारी अंजली गांधी इंटर कॉलेज ने 800 मीटर में प्रथम ,3000 मीटर में प्रथम तथा 1500 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुहानी आदर्श इंटर कॉलेज उमरी ने 100 मीटर दौड़ 200 मीटर दौड़ तथा 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग में चैंपियनशिप शिवम कुमार आर एस एम धामपुर में 800 मीटर 5000 मी तथा 1500 मी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिंस कुमार गांधी इंटर कॉलेज ने लंबी कूद, त्रिकूद तथा भाला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया, शिवम कश्यप आर एस एम धामपुर में 200 मी दौड़ 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान तथा 5 किलोमीटर पैदल चाल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज ट्रॉफी गांधी इंटर कॉलेज मनकुआ ने जीती।

समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शरद कुमार तथा ओम नारायण सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य ओपी यादव के द्वारा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर कॉलेज ट्रॉफी गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेश कुमार के द्वारा प्राप्त की गई। खेलकूद प्रतियोगिता में राजेंद्र सिंह सोलंकी, विजेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, रणजीत सिंह, सुनील कुमार, सोमदेव सिंह आदि व्यायाम शिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया तथा विद्यालय के देवराज सिंह अनिल कुमार देवराज राजेंद्र सिंह पुष्पराज सिंह देवानंद राय वीरेंद्र सिंह बंटू सिंह आदि शिक्षक व लेखन कार्य में श्रीमती मनप्रीत कौर, स्वाति रानी, रीता रानी, ज्योति रानी, सीमा राजपूत आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# जीआईसी सिद्धखाल में संस्कृत प्रतियोगिता का समापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज सिद्धखाल में आयोजित रिखणीखाल ब्लाक की दो दिवसीय खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता का समापन हो गया है। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रिखणीखाल रेणु रावत ने संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय स्तर पर और प्रयास करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संस्कारों का माध्यम ही संस्कृत है। विशिष्ट अतिथि सुनीता रावत ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी किरण नेगी ने खण्ड स्तर पर प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों के जिला स्तर पर चयनित होने पर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विनोद डोबरियाल, राजेंद्र सिंह, मोहित पंत, नरेश कुमार शर्मा, शिखा रावत और सतपाल सिंह राणा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं- डबराल

## श्री देवाशंकर विद्या मंदिर में मनाया गया 'नमामि भारत' कार्यक्रम

**किरतपुर ( चिंगारी )।** वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के गौरवपूर्ण अवसर पर श्री देवाशंकर सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज, किरतपुर, बिजनौर में राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक चेतना से ओत-प्रोत 'नमामि भारत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय एकता एवं देश के गौरवशाली इतिहास के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा।



कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय कुमार गोयल ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गणेशदत्त डबराल, पूर्व प्राचार्य हिंदू इंटर कॉलेज, किरतपुर ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन विद्यालय परिवार द्वारा किया गया तथा प्रधानाचार्य श्रवण कुमार ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

मुख्य वक्ता ने अपने संबोधन में बताया कि 'वंदे मातरम्' की रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 7 नवंबर 1875 को की थी। बाद में इसे उनके प्रसिद्ध उपन्यास 'आनंदमठ' में शामिल किया गया। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान यह गीत देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और स्वतंत्रता की भावना जगाने वाला महत्वपूर्ण स्वर बना। उन्होंने यह भी बताया कि स्वतंत्र भारत में 1950 में संविधान सभा ने 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति सम्मान, समर्पण और राष्ट्र की एकता की भावना का प्रतीक है। इसके 150 वर्ष पूर्ण होना भारतीय इतिहास और स्वतंत्रता आंदोलन की उस विरासत को स्मरण करने का अवसर है, जिसने अनेक पीढ़ियों को देश के लिए समर्पित होने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बैंक ऑफ़ बडौदा के प्रबंधक श्रीमान आशीष बिष्ट, सहायक प्रबंधक सत्यम सिंघल, मुख्य वक्ता गणेशदत्त डबराल (पूर्व प्रधानाचार्य हिंदू इंटर कॉलेज किरतपुर) कार्यक्रम के संयोजक श्रीमान रामबहादुर सिंह गहलोत (विद्यालय प्रबंधक), कार्यक्रम अध्यक्ष विजय कुमार गोयल, कार्यक्रम के सहसंयोजक श्रीमान राकेश साहनी (विद्यालय कोषाध्यक्ष), प्रबंध समिति के सदस्य विजय गर्ग, श्रीमान रामपाल, श्रीमान रितु दीप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक श्रीमान जुगल किशोर कालरा, सहसंघचालक श्रीमान ज्ञानवीर, प्रचार प्रमुख श्रीमान डॉक्टर हेमेंद्र, नगर कारवाह किरतपुर प्रणय वीर, विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष डॉ. छत्रपाल, भाजपा की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी कालरा आदि रहे।




# कैसे जायें रेहड़ से दहलावाला कोई ध्यान नहीं देने वाला




**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** जगह-जगह गड्ढों में तब्दील होकर पानी भर जाने पर कई जगह तालाब जैसा रूप धारण कर चुकी फोरलेन से दहलावाला व जाब्तानगर को जोड़ने वाली सड़क की बदहाली को देख ग्रामवासी परेशान हैं। काशीपुर-हरिद्वार फोरलेन पर रेहड़ बस स्टैंड से थोड़ा आगे फोरलेन से होकर दहलावाला को जाने वाला रेहड़ का यह मुख्य मार्ग कई वर्षों से दयनीय स्थिति में है। इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं, जिनमें कुछ बरसात और बस्ती का गंदा का पानी भर जाने पर वे जगह-जगह तालाब जैसे बन गए हैं। इस मार्ग पर स्कूल-कॉलेज को आने-जाने वाले बच्चों का गुजरना दूभर हो गया है। कभी बच्चों के गिरकर कपड़े खराब हो जाते हैं, कभी बस्ता और किताबें पानी में गिर जाते हैं तो कभी बच्चों को गिरकर चोट लग जाती है, मगर विकास का डंका बजाने वाले अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों का इस बदहाल मार्ग की तरफ कोई ध्यान नहीं है। रेहड़ का कुछ हिस्सा दहलावाला व जाब्तानगर, इन तीन गांवों के इस मुख्य मार्ग के शीघ्र निर्माण की दहलावाला के ग्राम प्रधान राजेश सिंह रवि सहित तमाम ग्रामीणों ने पुरजोर मांग की है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# हल्दौर में 4 अक्टूबर को लगेगा आई कैम्प

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर के समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से आगामी 4 अक्टूबर दिन रविवार को वर्मा मैरिज हॉल हल्दौर पर प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा,जिसमें चिकित्सक मरीजों की आंखों का चैकअप कर उसी दिन मोतिबिन्द के मरीजों को ऑपरेशन के लिये अपने साथ ऋषिकेश ले जाएंगें। सुशील वर्मा ने बताया कि मरीज असुविधा से बचने के लिये अपना रजिस्ट्रेशन 4 अक्टूबर से पूर्व प्रात:10 बजे से सायं 4 बजे तक वर्मा मैरिज हॉल पर आकर किसी भी दिन करवा सकते हैं।



# रोटरी क्लब गंगा की बैठक सम्पन्न



**बिजनौर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब गंगा बिजनौर की मासिक बैठक एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता रो. रेखा अग्रवाल एवं संचालन रो. आदेश भटनागर ने किया। बैठक में आगामी प्रोजेक्ट पर चर्चा की गई। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर वृद्ध आश्रम विदुर कुटी पर दैनिक उपयोग की वस्तुएं भेंट की जाएंगी और नवरात्रों में मां चामुंडा देवी धाम पर कन्या पूजन किया जाएगा। मीटिंग में रो. नवीन अग्रवाल, रो. गजे सिंह, रो. खगेश कुमार शर्मा पूर्व अध्यक्ष, रो. हितेश कुमार शर्मा, देवेंद्र चौहान, संजीव शर्मा, अनिल शर्मा, राजीव गुप्ता, दिनेश शर्मा, रूपेंद्र चौधरी, डॉ. हितेश शर्मा, तृप्ति शर्मा, शालिनी अग्रवाल, मोनिका शर्मा, शिखा गुप्ता, प्रीति शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# खाद केंद्र के गल्ले से डेढ़ लाख पार, नकाबपोश फ़रार

**जलीलपुर ( चिंगारी )।** शुक्रवार शाम जलीलपुर स्थित उर्वरक बिक्री केंद्र पर बाइक सवार नकाबपोश महिला और पुरुष ने दुकानदार को बातों में उलझाकर गल्ले में रखी करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद व्यापारियों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार चांदपुर सहकारी क्रय-विक्रय केंद्र समिति द्वारा संचालित उर्वरक बिक्री केंद्र पर शुक्रवार करीब चार बजे हर्ष पुत्र विनोद कुमार निवासी बिजनौर दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान बाइक से एक महिला और हेलमेट लगाए एक पुरुष वहां पहुंचे। दोनों ने खाद खरीदने की बात कही। महिला ने दुकानदार से खुली खाद देने और उसे खाली कट्टे में भरने को कहा।

महिला की बात पर हर्ष खाली कट्टा लेने के लिए गोदाम के अंदर चले गए। इसी दौरान महिला ने मौका पाकर गल्ला खींच लिया और उसमें रखी करीब डेढ़ लाख रुपये से अधिक की नकदी लेकर बाहर निकल गई। दुकानदार के वापस आने तक दोनों बाइक से फरार हो चुके थे।

घटना के बाद दुकानदार ने आसपास के लोगों के साथ बाइक सवारों की तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि महिला और पुरुष बाइक को पहले से स्टार्ट रखे हुए थे और दुकान से निकलते ही तेजी से बाइक पर बैठकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। फिलहाल पुलिस को आरोपियों के संबंध में कोई ठोस सुराग नहीं मिला है।

# सड़क हादसे में घायल युवक के लिए 'फरिश्ता' बना विवेक अस्पताल

## परिजनों के पहुंचने से पहले ही बिना अग्रिम राशि जमा कराए शुरू हुआ इलाज

**बिजनौर ( चिंगारी )**। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति के लिए विवेक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड वैलनेस सेंटर की एंबुलेंस और मेडिकल टीम ने तत्परता दिखाते हुए समय पर अस्पताल पहुंचाकर उपचार शुरू कराया। घायल के परिजनों ने अस्पताल की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से अस्पताल प्रबंधन, एंबुलेंस चालक और पूरी टीम का आभार जताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुराग बंसल नूरपुर रोड स्थित महिंद्रा शोरूम के आसपास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उसी दौरान विवेक अस्पताल की एंबुलेंस वहां से गुजर रही थी। एंबुलेंस चालक ने स्थिति को देखते हुए तत्काल घायल अनुराग बंसल को एंबुलेंस में लिया और बिना समय गंवाए उन्हें विवेक अस्पताल पहुंचाया। परिजनों के अनुसार अस्पताल पहुंचने के बाद बिना किसी






परिजन की मौजूदगी और बिना अग्रिम राशि जमा कराए घायल का तत्काल उपचार शुरू

कर दिया गया। बाद में अस्पताल की ओर से परिजनों को फोन पर घटना की सूचना दी गई। जब तक परिजन अस्पताल पहुंचे, चिकित्सकों द्वारा उपचार एवं ऑपरेशन की आवश्यक तैयारियां शुरू की जा चुकी थीं।

### विवेक अस्पताल ने संवेदनशीलता की मिसाल पेश की

हर्ष बंसल ने अपने संदेश में कहा कि अस्पताल की टीम ने न केवल घायल को समय पर उपचार उपलब्ध कराया, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता और ईमानदारी का परिचय देते हुए उनके सभी कीमती सामान को सुरक्षित रखकर परिजनों को सौंपा।

### घायल के आभूषण सुरक्षित परिजनों को सौंपे

परिजनों ने यह भी बताया कि घायल के पास मौजूद दो सोने की अंगूठियां और गले की सोने की चेन अस्पताल के स्टाफ ने सुरक्षित निकालकर परिजनों को सौंप दीं। परिजनों ने अस्पताल की इस ईमानदार एवं मानवीय पहल की विशेष रूप से सराहना की।

घायल के परिजन हर्ष बंसल ने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं साझा करते हुए विवेक अस्पताल, एंबुलेंस चालक एवं अस्पताल के अध्यक्ष अमित गोयल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद यदि समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंचती और तत्काल उपचार शुरू नहीं होता तो स्थिति गंभीर हो सकती थी।

### व्यक्ति की जान बचाना प्राथमिक जिम्मेदारी- अमित गोयल



विवेक अस्पताल के अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि आपातकालीन स्थिति में घायल व्यक्ति की जान बचाना अस्पताल की प्राथमिक जिम्मेदारी है चाहे घायल के परिजन हों या न हों अग्रिम राशि जमा की गयी हो या न की गयी हो, इमरजेंसी में प्रतिदिन 24 घंटे मरीजों की अधिक संख्या पहुंचना यह सिद्ध करती है कि समाज हम पर भरोसा करता है ऐसे में हमारी जिम्मेदारी और अधिक हो जाती है। अस्पताल में चिकित्सकों की बड़ी टीम, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य समस्त स्टाफ सहित बहुत ही संवेदनशीलता से घायलों और मरीजों का उपचार कर रहे हैं। अस्पताल का उद्देश्य प्रत्येक जरूरतमंद मरीज को समय पर गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना है।

## शोभायात्रा निकालकर गणेश प्रतिमा विसर्जित की

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। क्षेत्र के ग्राम दल्लीवाला में गणेशोत्सव के दौरान गणेश प्रतिमा की स्थापना की और फिर कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन पर शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। तत्पश्चात गणेश प्रतिमा को रामगंगा घाट ले जाकर विधिपूर्वक विसर्जित किया गया। कार्यक्रम में अनिल सैनी, नरेंद्र कुमार, श्रीराम सैनी, मदन सिंह, अमित शर्मा, योगेश शर्मा, अजय कुमार, अनुज, गौरव कुमार, वीरेंद्र, गजराम, जसवंत, विशाल आदि का अहम रोल रहा।



## विवेकानंद कॉलेज में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस



**चांदपुर ( चिंगारी )**। विवेकानंद कॉलेज आफ फार्मेसी दरबाड़ा चांदपुर बिजनौर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के कोषाध्यक्ष पीयूष कुमार सचिव अतुल कुमार चौहान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। प्रिंसिपल डा शिवेंद्र अग्रवाल ने बताया कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस की स्थापना 2009 को अंतर्राष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल फेडरेशन, एफआईपी द्वारा की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य,वैश्विक स्वास्थ्य में फार्मासिस्टों का योगदान एवं उनको बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, पोस्टर, ड्रामा, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिता की गई। स्पीच कंपटीशन में प्रिंस प्रथम स्थान पर, मोहम्मद समीर द्वितीय स्थान पर और कहकशा अंसारी तृतीय स्थान पर रहे। रंगोली कंपटीशन में प्रथम स्थान पर कुमारी संजीवनी, द्वितीय स्थान पर कहकशा अंसारी एवं तृतीय स्थान पर कंचन रही। क्विज कंपटीशन में दीपांशु पाल प्रथम स्थान पर और कंचन द्वितीय स्थान पर रहे। पोस्टर प्रेजेंटेशन में कहकशा अंसारी प्रथम स्थान पर, शिखा द्वितीय एवं ममता तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में डा. शेर सिंह कटारिया, दीपक कुमार, वर्षा सैनी, प्रियंका सिंह, डॉ. प्रियक कुमार, विनीत कुमार, भूदेव सिंह, डॉ. शिप्रा अग्रवाल, डा. अमित कुमार मित्तल, जॉनी राजपूत, सुशील कुमार सहित छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद सोहेल ने किया।



## किसानों को गन्ना खेती की तकनीकी जानकारी दी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। क्षेत्र के ग्राम पुक्खेवाला स्थित बंगाली कॉलोनी में शुक्रवार को आयोजित कृषक बैठक में शुगर मिल अफजलगढ़ के अतिरिक्त प्रबंधक गन्ना अनिल कुमार धनकड़ व जोनल अधिकारी मुनेंद्र सिंह ने किसानों को गन्ने की उन्नत खेती के गुण बताते हुए कम लागत में अधिक पैदावार के तरीके बताए और बहुत सी जानकारियों को विस्तार से अवगत कराया। बैठक में दिनेश सिंह, रामकुमार सिंह, सुधीर कुमार, सत्येंद्र सिंह, शांतिदास व सुखदेव सिंह आदि अनेक कृषक मौजूद रहे।

## बारिश में धुला समाधान दिवस

**नांगल सोती ( चिंगारी )**। आज स्थानीय थाने पर आयोजित समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह फरियादियों की समस्यायें सुनने के लिये पहुंचे, मगर लगातार हो रही बारिश के कारण उनके सामने कोई फरियादी नहीं पहुंचा। उधर, उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी ने कर्मचारियों के देरी से पहुंचने और कम संख्या में पहुंचने पर आपत्ति जताई। उल्लेखनीय है कि राजस्व विभाग के



कर्मचारी ( लेखपाल ) अधिकारियों के समाधान दिवस में पहुंचने के बाद थाने पहुंचे थे। दो - तीन कर्मचारी ही समाधान दिवस में पहुंचे थे। दोनों अधिकारी काफी देर फरियादियों की बाट जोहते रहे, मगर सुबह से ही लगातार हो रही बारिश के कारण कोई फरियादी नहीं पहुंचा।

# देश-विदेश में अपनी गायकी का लोहा मनवा रहे शाने आलम साबरी

**बिजनौर ( चिंगारी )। सूफी संगीत महज़ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि रूह को परमात्मा से जोड़ने का एक पवित्र माध्यम है। जब सुरों में पाकीज़गी और इरादों में सूफी साधना हो, तो संगीत सीधे दिलों को छूता है। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के ऐतिहासिक कस्बे जलालाबाद की सरज़मीं से निकले प्रसिद्ध सूफी गायक शाने आलम साबरी आज इसी रूहानी कला की मशाल थामे देश-विदेश में अपनी गायकी का लोहा मनवा रहे हैं।**






## सदियों पुरानी संगीत परंपरा की विरासत

शाने आलम साबरी का जन्म एक ऐसे संगीत-प्रिय परिवार में हुआ, जहां की हवाओं में भी सूफी साधना घुली हुई है। इस प्रतिष्ठित घराने की कई पीढ़ियां सदियों से संगीत और सूफी मत की निस्वार्थ सेवा करती आ रही हैं। शाने आलम के दादा, स्वर्गीय श्री गुलाम साबिर कव्वाल, अपने दौर के बेहद मशहूर और प्रसिद्ध खानकाहों के दरबारी कव्वाल थे। वहीं, उनके पिता स्वर्गीय श्री मुख्तार साबरी (घसीटा) साबिर पाक (कलियर शरीफ) के दरबारी जॉइंट ग्रुप के मुख्य कव्वाल साथी थे, और साथ ही आकाशवाणी नजीबाबाद से 'बी-हाई ग्रेड' ढोलक के अप्रूव्ड आर्टिस्ट भी थे। घर के इसी संगीतमय और आध्यात्मिक माहौल का असर था कि शाने आलम साबरी ने बचपन से ही खेल-कूद की उम्र में संगीत की सूफी साधना को अपना जीवन चुन लिया।

## एल्बम और टीवी चैनलों पर बिखेरा सुरों का जादू

बहुत ही छोटी उम्र से सूफी साधना में रमे शाने आलम साबरी के आज कई सूफी एल्बम मार्केट में धूम मचा रहे हैं। उन्होंने देश की दिग्गज म्यूजिक कंपनियों जैसे टी-सीरीज और सोनिक एंटरप्राइजेज समेत कई बड़े बैनर्स के साथ अपनी आवाज़ का जादू बिखेरा है। इसके अलावा, उनकी रूहानी आवाज और प्रस्तुतियां अक्सर दूरदर्शन, जी सलाम, डीडी उर्दू, बिग गंगा और मैजिक टीवी जैसे प्रतिष्ठित टीवी चैनलों पर प्रसारित होती रहती हैं। आकाशवाणी नजीबाबाद और एफएम गोल्ड पर भी उनके चाहने वाले उनकी आवाज के मुरीद हैं।

## देश-विदेश में जीता दिल, बढ़ाया मान

अपनी मखमली आवाज़, बेहतरीन अदायगी और सूफियाना कलामों के दम पर शाने आलम साबरी ने न सिर्फ भारत के कोने-कोने में, बल्कि सरहदों के पार विदेशों में भी श्रोताओं का दिल जीता है। अपनी हर परफॉर्मेंस से वो न केवल दर्शकों को झूमने पर मजबूर करते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय सूफी संगीत का परचम लहराकर देश का नाम भी रोशन कर रहे हैं। शाने आलम साबरी का मानना है कि संगीत दिलों को जोड़ने का पुल है। आज के आधुनिक दौर में भी वो अपनी जड़ों और पुरखों की विरासत को सहेजते हुए, सूफी संगीत के जरिए दुनिया में मोहब्बत, अमन और भाईचारे का पैगाम फैला रहे हैं।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई



**हल्दौर ( चिंगारी )।** डॉ.फकीरचंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हल्दौर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। वहीं राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों एवं आचार्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्चन एवं नमन के साथ हुआ। विद्यालय के आचार्यों एवं विद्यार्थियों ने उनके जीवन और राष्ट्र के प्रति समर्पण को स्मरण किया। वहीं संपूर्ण 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन किया गया। राष्ट्रगीत के गायन के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र कुमार रस्तौगी, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार रस्तौगी एवं प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# ब्राईट केयर फाउंडेशन व धर्मनंदा चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

**स्योहारा ( चिंगारी )।** गणेशोत्सव में रामगंगा घाट के पास ब्राइट केयर फाउंडेशन व धर्मनंदा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने विशाल भंडारे का आयोजन किया, जिसमें लगभग 8 हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि वह प्रतिवर्ष गणेशोत्सव पर आने वाले भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन कराते हैं। इसकी प्रेरणा उनके पिता से उन्हें मिली है, वह हमेशा कहते थे कि नर सेवा नारायण सेवा होती है। भंडारे में आसपास के गांव के लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान डॉ. मनोज वर्मा, डाक्टर शाश्वत वर्मा, राजीव वर्मा, इजी. शौर्य वर्मा, डॉ. लीपिसेन वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रश्मि वर्मा के अलावा डॉ. आसिफ, डॉ. एनपी सिंह, चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत, मुकेश रस्तौगी, राजीव गहलौत, इफ्तिखार, रूपा, ब्लाक प्रमुख उज्जवल सिंह चौहान, मनोज छावड़ा, राजीव विश्नोई, अरूण कुमार, डॉ. अजय राणा, सोवीर सिंह, कृष्ण कुमार ढाका, बिट्टू रस्तौगी, सत्यम अरोड़ा, अनिल कुशवाहा, कांता प्रसाद पुष्पक, इफ्तेखार, चांद, रूपा, अर्पित त्यागी, रमेश अरोड़ा, डॉ. वीके स्नेही, डॉ. अभिजीत भारद्वाज, देशबंधु चौहान, यश चौहान, डाक्टर प्रमोद देशवाल, एचडीएफसी बैंक प्रबंधक रोहित भारद्वाज, डा. वीर सिंह, शंशाक विश्नोई, मनोज भटनागर, ब्रह्मपाल सिंह, बंटी चौधरी, बिट्टू रस्तौगी, जोली पंडित आदि मौजूद रहे।



# सरस्वती विद्या मंदिर में वंदे मातरम् गायन से गूंज उठा वातावरण

**चांदपुर ( चिंगारी )।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, चांदपुर में 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक समय, एक लय और एक स्वर में राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रारक दीप्तिमान जी ने अपने संबोधन में भारत माता एवं 'वंदे मातरम्' के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति प्रत्येक नागरिक के अपने कर्तव्य हैं और हमें देशहित में अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।




मुख्य वक्ता उपेंद्र कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति जागरूक एवं कर्तव्यनिष्ठ बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमारा देश हमें बहुत कुछ देता है, इसलिए हमारा भी कर्तव्य है कि हम देश के प्रति अपने दायित्वों को समझें और राष्ट्रहित में कार्य करें।

कार्यक्रम अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ने कहा कि वन्दे मातरम् भारत का मंत्र है, यह हमारी आत्मा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने 'वंदे मातरम्' के ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को देश के प्रति निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक कुमार नेताजी, भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, कुंवर दीप, विकास, स्कूल प्रबंधक पंकज वैश्य, पंकज चौहान, राजेंद्र त्यागी, जगत शर्मा, मुनेश कुमार, रत्नेश मिश्रा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा एकादश के भैया वैभव वर्मा ने किया।

# किसानों की जमीन हड़पना चाहती है सरकार- सुनील प्रधान

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव सेह में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की एक पंचायत आयोजित की गई। पंचायत के आयोजक विकुल चौधरी ने मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान को महात्मा महेन्द्र सिंह टिकैत की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। सुनील प्रधान ने करीब तीन दर्जन लोगों को हरा पटका पहनाकर यूनियन की सदस्यता ग्रहण कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल प्रधान व संचालन जिला सचिव मास्टर देवेन्द्र सिंह ने किया। पंचायत को सम्बोधित करते हुए सुनील प्रधान ने कहा कि सरकार किसानों पर कर्ज का बोझ बढ़ाकर उनकी जमीनों को हड़पना चाहती है। किसानों को आज तक उनकी फसलों का वाजिब दाम नहीं मिला। देश के किसानों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। सरकार ने चीनी के दाम तो बढ़ा दिये, लेकिन गन्ना मूल्य वृद्धि की बात नहीं करती। सरकार नहीं चाहती कि देश का किसान खुशहाल हो। अपनी मांगों को मनवाने के लिए



किसानों को सड़कों पर आंदोलन करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि किसान संगठित होकर अपने अधिकारों की व अपनी ज़मीन को बचाने की लड़ाई लड़े। देश की सरकार किसानों की जमीन अद्योगपतियों को देना चाहती है। उन्होंने आगामी 21 अक्टूबर को बिजनौर के नुमाइश ग्राउंड में आयोजित होने वाली महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। पंचायत को नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह, नजीबाबाद ब्लॉक अध्यक्ष अजय बालियान, नहटौर ब्लॉक अध्यक्ष विशाल डबास, जिला उपाध्यक्ष विनीत धनकड़, संरक्षक शीशपाल सिंह, ऋषिपाल यादव आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर सुधीर शर्मा, कल्याण सिंह, पीयूष कुमार, रियाजुद्दीन, अशफ़ाक खान, ब्लॉक उपाध्यक्ष मौहम्मद शमशेर, डॉ. खादिम, समरपाल यादव, कुलदीप सिंह, कोकिल चौधरी, नीतू सिंह, कावेंद्र चौधरी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद को फिर मिला राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** चीनी मिल नजीबाबाद को 22 सितम्बर को एक बार फिर राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार प्राप्त हुआ है। चीनी मिल के प्रधान प्रबन्धक अशोक कुमार शर्मा ने शुक्रवार को कारखाने में पहुंचकर पुरस्कार अधिकारियों व कर्मचारियों को समर्पित कर मिष्ठान वितरण करवाया। मिल के प्रधान प्रबन्धक ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा गन्ना पेराई सत्र 2024-25 में आपने दिन-रात 24 घंटे चीनी मिल को निर्वाध रूप से चलाकर राष्ट्रीय दक्षता अवार्ड प्राप्त किया है। यह अवार्ड मेहनत का फल है।

इस अवसर पर मुख्य अभियन्ता प्रमोद कुमार, मुख्य लेखाकार नीरज पाण्डेय, मुख्य रसायन विद् राधेश्याम गुप्ता, उपमुख्य रसायन विद्/सुरक्षा प्रभारी आलोक कुमार गुप्ता, सहायक अभियन्ता पंकज रावत, सुयश द्विवेदी, विवेक यादव, रसायन विद् अशोक कुमार वर्मा, भुपेन्द्र कुमार, गणेश शर्मा, श्रमिक नेता सत्येन्द्रचंद गौतम, विजयपाल सिंह, गिरवर, रामनिवास, कुंवर सत्यवीर सिंह मुख्यत: कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित थे। 22 सितम्बर को राष्ट्रीय दक्षता अवार्ड देश के सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अम्बेडकर भवन नई दिल्ली में मिल प्रधान प्रबन्धक अशोक कुमार शर्मा, मिल के वाइस चेयरमैन कुंवर धीरेन्द्र प्रताप सिंह संचालक मण्डल के सदस्यों को प्रदान किया।

## भागूवाला व बवनपुरा चौकी इंचार्ज, किरतपुर कस्बा इंचार्ज लाइन हाजिर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई ने पुलिस विभाग में लापरवाही और अवैध वसूली के आरोपों को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। एसपी ने मंडावली थाना क्षेत्र की भागूवाला पुलिस चौकी प्रभारी, चांदपुर थाना क्षेत्र की बवनपुरा चौकी प्रभारी तथा किरतपुर के कस्बा इंचार्ज को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भागूवाला चौकी प्रभारी अमूल मिश्रा, बवनपुरा चौकी प्रभारी बबलू कुमार तथा किरतपुर के कस्बा इंचार्ज दीपक नगर को लाइन हाजिर किया गया है। बताया गया है कि तीनों पुलिसकर्मियों पर अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने तथा अवैध वसूली के आरोप लगे थे। शिकायतों और आरोपों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई ने यह कार्रवाई की। मामले में विभागीय स्तर पर आगे की कार्रवाई की जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

# बीएसए कार्यालय का कुछ नहीं होने वाला, शिक्षकों के समायोजन में गड़बड़झाला

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने दर्ज कराई आपत्ति

**बिजनौर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के समायोजन में गड़बड़ी होने पर चिंता जताई गई। शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से समायोजन निरस्त करने की मांग की है। कई शिक्षकों ने समायोजन पर आपत्ति भी दर्ज कराई है।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के शिक्षकों के समायोजन होने पर चिंता जताई गई। वक्ताओं ने कहा कि समायोजन प्रक्रिया में बड़े स्तर पर गड़बड़ी की गई है, जिसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए। वक्ताओं ने जिले के खंड शिक्षा अधिकारियों की कार्यशैली पर भी चिंता जताई। समायोजन में सूची जारी नहीं की गई तथा एकल पत्र जारी करने तथा शिक्षक का पद नाम जारी नहीं किया गया है। दूसरी ओर शिक्षकों की बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार कसाना से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए को समायोजन प्रक्रिया में किए गए गड़बड़ी से अवगत कराया तथा समायोजन प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है। उधर संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान ने कहा कि जिले में किसी भी शिक्षक का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि समायोजन से प्रताड़ित किसी भी शिक्षक को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

जिला मंत्री प्रशांत सिंह ने कहा कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से शिक्षकों को फोन कर परेशान किया जा रहा है। ब्लॉक स्तर पर बनाई गई समायोजन सूची को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की जरूरत है। समायोजन में कई शिक्षकों को अन्य आवश्यक रूप से इधर से उधर किया गया है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। बैठक में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी, मुनीष कुमार चौहान, नितिन चौहान, चौधरी कुलदीप सिंह, नवनीत कुमार, अमित कुमार, मुदस्सर नजर मीडिया प्रभारी मोहम्मद जावेद, ब्लॉक मंत्री अरुण कुमार, विवेक कुमार, मुदस्सिर नजर आदि ने विचार रखे। दूसरी ओर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान का लाभ दिलाने की मांग की गई। बैठक का संचालन जिलामंत्री राहुल कुमार राठी ने किया।

# दीनी व अख़लाक़ी ज़िंदगी की अहमियत बयान की

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** शहर के उलमा-ए-किराम की तंजीम तहफ्फुज़-ए-शरीयत के तत्वावधान में जारी इस्लाह-ए-मुआशरा व सीरतुन्नबी कार्यक्रमों की कड़ी में तकिया वाली मस्जिद में एक विशेष दीनी व इस्लाही कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के नमाजियों, उलमा, इमामों, गणमान्य लोगों और आम लोगों ने शिरकत की।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को सीरत-ए-पाक की रोशनी में अपनी जिंदगी को संवारने, दीन व अखलाक को मजबूत करने तथा समाज में आपसी भाईचारा और अच्छे मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना था।

इस मौके पर विश्व प्रसिद्ध नदवतुल उलमा, लखनऊ से तशरीफ लाए जाने-माने आलिम-ए-दीन हज़रत मौलाना अबूबकर सिद्दीक ने विशेष संबोधन किया। अपने बयान में मौलाना अबूबकर सिद्दीक ने सीरतुन्नबी, इस्लाह-ए-मुआशरा तथा दीनी व अखलाकी जिंदगी की अहमियत पर विस्तार से रोशनी डाली।

उन्होंने कहा कि नबी-ए-करीम हज़रत मोहम्मद मुस्तफा की जिंदगी पूरी इंसानियत के लिए बेहतरीन नमूना है। आपकी सीरत में इबादत के साथ-साथ अच्छे अखलाक, आपसी मोहब्बत, भाईचारा, पड़ोसियों के अधिकार, माता-पिता के सम्मान और समाज के प्रति जिम्मेदारियों की भी पूरी रहनुमाई मिलती है।

उन्होंने खास तौर पर नई पीढ़ी की दीनी व अखलाकी तरबियत पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ दीन, सीरत-ए-रसूल और अच्छे संस्कारों की शिक्षा देना भी माता-पिता और समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में तकिया वाली मस्जिद के इमाम मुफ्ती जमशेद आलम मजाहिरी, मुफ्ती जहीर नदवी, मौलाना मोहम्मद मुरसलीन नदवी, मौलाना मोहम्मद शाहनवाज नदवी, नासिर हुसैन, हाफिज इस्लामुद्दीन सहित क्षेत्र के कई उलमा-ए-किराम, इमाम, गणमान्य लोग और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में देश व मिल्लत की सलामती, अमन-चैन, समाज की इस्लाह, आपसी भाईचारे तथा पूरी उम्मत की खुशहाली के लिए विशेष दुआ की गई।

# अर्चना चौहान को भूटान में मिला साहित्य शिरोमणि सम्मान

**किरतपुर ( चिंगारी )।** भारत और भूटान के साहित्यिक और सांस्कृतिक अंतरराष्ट्रीय मंच पर डॉ. हरेन्द्र हर्ष के आयोजन में भारत भूटान मैत्री सम्मेलन साहित्य, संस्कृति और आपसी सौहार्द का अविस्मरणीय उत्सव बना। इस अवसर पर आयोजक डॉक्टर हरेंद्र हर्ष, बीबीसी भूटान निर्देशक हरि कामन राय तथा भूटान के वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मीकांत शर्मा 'मुस्कान' तथा अच्युत घिमरे वशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता आईसीटीआर निदेशक वीर सिंह 'वीर' ने की। भूटान की राजधानी थिंपू में आयोजित साहित्यिक समारोह में किरतपुर की कवयित्री अर्चना चौहान को हिंदी साहित्य में उनके योगदान के लिए 'भूटान भारत अंतरराष्ट्रीय साहित्य शिरोमणि सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस समारोह में भारत के विभिन्न राज्यों से पहुंचे 82 कवि, कवित्रियों, साहित्यकारों ने अपने काव्य पाठ तथा कहानी वाचन और गद्य रचनाओं से श्रोताओं को अपनी अपनी रचनाओं से अभिभूत किया।



# कॉलेज में बनेगी फिजिक्स लैब

**किरतपुर ( चिंगारी )। स्थानीय सर सैयद गर्ल्स इंटर कॉलेज की साइंस की छात्राओं के लिए फिजिक्स लैब की अब कमी महसूस नहीं होगी, क्योंकि सभासद पति डॉ. मोज़िज़्यार खान व उनकी टीम ने लैब के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।**



डॉ. मोज़िज़्यायार खान

मालूम हो कि कॉलेज में विज्ञान विषय पढ़ने वाली छात्राओं की संख्या काफी है, परंतु विज्ञान से संबंधित लैब में नहीं थी, जिससे छात्राओं को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। डॉ. मोज़िज़्यायार खान ने इस कमी को शिद्दत से महसूस किया। उन्होंने ठान लिया कि छात्राओं को फिजिक्स लैब उपलब्ध कराकर ही दम लेंगे। इसकी पहल करते हुए उन्होंने स्कूल की कमेटी व अपने शुभचिंतकों से राय मशविरा किया और इरादों को अमलीजामा पहनाते हुए लैब की आधारशिला रखी। डॉ. मोज़िज़्यार खान ने अन्य समाजसेवियों से भी अपील की है कि इससे प्रेरित होकर समाज में कुछ नया करके दिखाएं।

# पेदा हत्याकाण्ड में नितिन कुमार अदालत द्वारा दोषमुक्त क़रार



एडवोकेट राजेन्द्र कुमार का मिठाई खिलाते हुए नितिन कुमार।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बहुचर्चित पेदा के तिहरे हत्याकांड में अतिरिक्त विशेष सत्र न्यायाधीश सीमा वर्मा की अदालत ने एक अभियुक्त नितिन कुमार को दोषमुक्त करार दिया। अदालत के फैसले के बाद नितिन के परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों ने मामले में उनकी पैरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह व शुभम चौधरी के चैंबर पर पहुंचकर मिठाई बांटी और खुशी का इजहार किया।

16 सितंबर 2016 को बिजनौर के समीपवर्ती ग्राम पेदा में दिनदहाड़े तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में ग्राम पेदा निवासी नितिन पुत्र संसार सिंह को भी अभियुक्त बनाया गया था। नितिन पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के अलावा क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट और पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी लगाई गई थीं। मामले की सुनवाई के दौरान अभियुक्त नितिन की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र सिंह व शुभम चौधरी ने पक्ष रखा। मामले में वादी और पीड़िता सहित 23 लोगों ने गवाही दी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने नितिन को मुकदमे में लगाए गए आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

बता दें कि ग्राम पेदा में 16 सितम्बर 2016 को गांव निवासी अहसान, उसके पुत्र अनीसुद्दीन और भतीजे सरफराज की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना में मृतक पक्ष के एक दर्जन लोग घायल भी हुए थे। इस घटना को लेकर गांव तथा क्षेत्र में साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया था। मामले को लेकर काफी राजनीति हुई थी। पेदा काण्ड काफी दिनों तक सुर्खियों में रहा था। पीड़ित पक्ष की ओर से संसार सिंह, उसके पुत्र नितिन तथा राजू, पप्पन, नरेश, तेजपाल, टीकम सिंह, कोमन सिंह, अनुज, सतीश, पंकज, मलखान, बिल्लू, प्रेम, सोनू, कक्कू, रिंकू, ओमपाल, अनिल कुमार, राजपाल, मनोज, आकाश निवासी पेदा, दिलावर सिंह, बिट्टन, कुंवरसेन निवासी नया गांव तथा दो होमगार्ड के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गई थी।

# मेडल जीतने वाले विद्यार्थियों को डीएम व एसपी ने किया सम्मानित

**नांगल सोती ( चिंगारी )। गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर के तीन विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त करने पर उक्त विद्यार्थियों को जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह तथा पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार सिंह ने सम्मानित किया।**

ज्ञातव्य है कि गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर के तीन बच्चों ईशांत राणा, वंशिका तोमर तथा रिया पाल ने विगत 19 व 20 सितंबर को भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा सिगरा स्टेडियम, वाराणसी में आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 2026-27 में अपने-अपने एज ग्रुप में क्रमशः दौड़, डिस्कस थ्रो और जैवलिन थ्रो में मेडल प्राप्त किये थे। ईशांत राणा और वंशिका तोमर ने गोल्ड मेडल तथा रिया पाल ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किये थे। जनपद बिजनौर का नाम रोशन करने वाले इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह और



बच्चों को सम्मानित करते हुए एसपी के.के. विश्नोई।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने अपने-अपने कार्यालय में सम्मानित किया। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों का राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह का प्रदर्शन काबिले तारीफ है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बच्चों को आगे आना चाहिये। विद्यालय के एम.डी. डालचंद पाल, अभिभावक रोबिन सिंह भी मौजूद रहे।

# चचेरे देवर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर युवक को छुड़ाया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम सादुल्लानगर (तिसोतरा) निवासी एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा था कि उसके माता-पिता, भाई-बहिन नहीं हैं, इसलिये वह अपने मायके ग्राम मोलावाला, थाना नगीना में रहती है, जबकि उसका पति बाहर रहकर काम करता है। महिला का आरोप है कि सादुल्लानगर (तिसोतरा) निवासी उसका चचेरा देवर अश्वनी उसके ऊपर बुरी नीयत रखता है। महिला के आरोप के मुताबिक अश्वनी 16 मार्च, 2026 को उसके मायके में पहुंचा और डरा-धमकाकर उसके साथ बलात्कार किया। उसने घटना के बारे में अपने पति व ससुरालियों को बताया, तो अश्वनी तथा उसके परिवारवालों ने अपनी गलती मान ली, जिस कारण उसे रिपोर्ट नहीं लिखाने दी गई थी। लेकिन अश्वनी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तथा लगातार उसका पीछा करने लगा। महिला का कहना है कि 17 सितंबर, 2026 को वह अपनी ससुराल सादुल्लानगर (तिसोतरा) आई थी। रात्रि 8 बजे जब वह घर पर अकेली थी, तो अश्वनी ने बुरी नीयत से उसके घर में घुसकर अश्लील हरकतें कीं और बलात्कार का प्रयास किया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर नांगल पुलिस ने शुक्रवार को बीएनएस की धाराओं 64 (1), 75, 351 (3) तथा 352 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया। उधर आरोपी युवक अश्वनी के पक्ष में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर दर्जनों महिलायें-पुरुष शुक्रवार को ही पुलिस अधीक्षक से मिले तथा अश्वनी को बेकसूर बताया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने ग्रामीणों को निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया। मुकदमा दर्ज होने पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया, तो दर्जनों ग्रामीण दोपहर के बाद से नांगल थाने के सामने डटे रहे। थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों को निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन देते हुए हिरासत में लिये गये युवक को परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया। थानाध्यक्ष अनू कुमारी ने बताया कि महिला ने अपने बयान में बलात्कार की नहीं केवल छेड़छाड़ की बात कही है। शुक्रवार को न्यायालय में महिला के बयान दर्ज नहीं हो सके तथा मेडिकल जांच कराने से महिला ने इंकार कर दिया। न्यायालय में महिला के बयान दर्ज कराकर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## 'नमामि भारतम्' के रूप में मनाई वंदे मातरम् की वर्षगांठ



**चांदपुर ( चिंगारी )।** लाला प्यारेलाल सरस्वती शिशु मन्दिर चान्दपुर में वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ नमामि भारतम् के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। श्रीमती उर्वशी कर्णवाल अध्यक्ष, श्रीमान रत्नेश मिश्रा मुख्य वक्ता (सहायक उपप्रबन्धक गन्ना उत्पादक) मुख्य अतिथि श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल, श्रीमती सरन प्यारी (प्रधानाचार्या वैदिक कन्या इ. कॉलेज), श्रीमती तनु भाटिया (लायन्स क्लब अध्यक्षा), सुनील शर्मा (कोषाध्यक्ष), शैलेन्द्र यादव पूर्व छात्र परिषद के जिला अध्यक्ष, श्रीमती तनु राजपूत, श्रीमती नीरू गुप्ता, श्रीमती निधि चतुर्वेदी आदि ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। इस अवसर पर लगभग 200 अभिभावकों ने तथा विद्यालय के समस्त भैया-बहिनों ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। पूर्व छात्र परिषद के नगर अध्यक्ष रोहन कौशिक तथा नमन शर्मा ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में वंदे भारत गीत- हर्षा राजपूत, दिया, गुंजन, हिमांशी, दिव्या तथा स्वागत गीत-रूही, श्रुति, शालिनी, सुहानी ने प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य विकास त्यागी ने किया।

## चामुंडा मंदिर में हुआ फीचर फिल्म 'श्याम सरकार' का भव्य मुहूर्त



नारियल फोड़कर फिल्म का मुहूर्त करते हुए आलोक गोविल।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** खाटू वाले श्याम बाबा के चमत्कारों और भक्तों की अटूट आस्था पर आधारित बहुप्रतीक्षित फीचर फिल्म श्याम सरकार का शुभ मुहूर्त समारोह बड़े ही भक्तिमय और हर्षोल्लास के माहौल में सम्पन्न हुआ। रे फिल्म्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म का शुभारंभ बीती रात श्री चामुण्डा मंदिर, बिजनौर में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर के अनावरण से हुआ। पोस्टर में श्याम बाबा के दरबार और भव्य मंदिर की झलक देखने को मिली, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। समारोह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक डा. पंकज भारद्वाज, अवनीश गौड़, हितेश विश्वकर्मा, राहुल ठाकुर व नवीन गर्ग सहित शहर के कई प्रतिष्ठित समाजसेवी, पत्रकार और श्याम प्रेमी भक्तजन मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन केके रंजन ने किया।

## मां भारती की वंदना के स्वरों से गूंज उठा वातावरण

### विद्या भारती के आह्वान पर हुआ संपूर्ण वंदे मातरम् का गायन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** विद्या भारती के विद्यालयों सरस्वती शिशु मंदिर, जाटान एवं यशपाल आर्य शिशु विद्या मंदिर मंडावर रोड सहित नगर बिजनौर में नौ विद्यालयों में संपूर्ण वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ। सरस्वती शिशु मंदिर जाटान में प्रधानाचार्य राजीव वर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य हरपाल सिंह, रमेशचंद्र माहेश्वरी एवं विद्या भारती के पूर्व छात्र पीयूष मित्तल के मार्गदर्शन में वंदे मातरम का गायन हुआ, जिसमें 450 छात्र-छात्राओं एवं अन्य बंधुओं ने भाग लिया। महात्मा गांधी इंटर कॉलेज, मण्डावर में दीपक चौहान, समस्त स्टाफ एवं पूर्व छात्र शुभम गौड़, पंकज बिश्नोई उपस्थित रहे। डीएवी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य मनोज गोस्वामी एवं पूर्व छात्र देवदत्त सैनी के मार्गदर्शन में 125 छात्र-छात्राओं ने संपूर्ण वंदे मातरम् गाया। यशपाल आर्य शिशु/ विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य ओमप्रकाश एवं पूर्व छात्र विकास सैनी एवं समिति संरक्षक अजय गर्ग तथा अध्यक्ष देवेंद्र सहित 122 छात्रों बंधु /भगिनी ने वंदे मातरम् में प्रतिभाग किया। दिलेराम मेमोरियल विद्यालय में पूर्व छात्र विवेक एवं प्रधानाचार्य भूदेव चंदेल के मार्गदर्शन में लगभग 700 छात्र-छात्राओं ने वंदे मातरम् का गायन किया। प्रत्येक विद्यालय में मां भारती की वंदना के स्वर से वातावरण गूंज उठा। इसी प्रकार विद्या भारती एवं विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद बिजनौर के आह्वान पर नगर बिजनौर एवं आसपास के विद्यालयों में लगभग 2100 छात्र-छात्राओं एवं अन्य बंधु/ भगिनी ने वंदे मातरम् गायन किया।

## गणेश उत्सव में बच्चों ने डांस से बांधा समां



**बिजनौर ( चिंगारी )।** शक्ति नगर-साई विहार कॉलोनी स्थित श्री सनातन मंदिर में आयोजन गणेश महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में बच्चों के लिए डांस कॉम्पीटिशन तथा महिलाओं के लिए थाली सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। डांस कॉम्पीटिशन में बच्चों ने विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। थाली सजाओ प्रतियोगिता में महिलाओं ने रंग-बिरंगे फूलों, दीपों, रंगोली और विभिन्न सजावटी सामग्री का प्रयोग करते हुए पूजा की थालियों को आकर्षक रूप प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती के दौरान मंदिर परिसर 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों से गूंज उठा। महाआरती के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## विद्यार्थियों को दी पॉक्सो एक्ट की जानकारी

### बच्चे डरें नहीं, विरोध करें- त्रिपाठी

**हल्दौर ( चिंगारी )। बाल सुरक्षा संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत सीडी इंटर कॉलेज हल्दौर में आयोजित कार्यक्रम में सिविल जज देवेश त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें अपने ऊपर हो रही किसी भी प्रकार की ज्यादती के विषय में जागरूक होना चाहिए।**

सीडी इंटर कॉलेज के सभागार में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे सिविल जज (सीनियर बेंच) देवेश त्रिपाठी ने कहा की 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे चाहे वे लड़के हों या लड़की सभी पॉक्सो एक्ट के तहत संरक्षित हैं। आमतौर पर बच्चों के प्रति गलत इरादे से टच करने वाले, यौन शोषण करने वाले, जान पहचान वाले या रिश्तेदार निकलते हैं। बच्चे बिना डरे उनका विरोध करें तथा घर में अपने बड़ों को बताएं। लड़कों की शादी की आयु 21 वर्ष और लड़की की शादी की आयु 18 वर्ष है। यदि इससे कम आयु में शादी करते हैं तो वह कानूनन गलत है। पुलिस प्रशासन तथा न्यायपालिका हर समय आपके साथ है। उन्होंने कहा कि यदि कोई सुनवाई न हो तो सीधे उनकी अदालत में आए, वे स्वयं सभी प्रकार से आपकी सहायता करेंगे।

इस अवसर पर सदर मजिस्ट्रेट विवेक खैवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अपने प्रति कहीं भी कुछ भी गलत होने



पर तुरंत ही 1098 पर फोन करें या 112 पर पुलिस को फोन करें। प्रशासन हर समय आपकी सहायता के लिए तैयार है। प्रधानाचार्य मेजर रामशंकर ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं व स्टाफ को सिविल जज तथा सदर मजिस्ट्रेट द्वारा जो अमूल्य जानकारी दी गई है, उसके प्रति विद्यालय परिवार उनका आभारी है। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र कुमार मारवाड़ी ने किया।

# शोभायात्रा के दौरान गणेशमय हुआ बिजनौर का वातावरण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर में गणपति जी की विशाल विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। एक दर्जन से अधिक बड़े गणपति एवं 100 से अधिक छोटे गणपति शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा बैड बाजों, ढ़ोल नगाड़ों के साथ 'गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष के बीच हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। श्रद्धालु बैंड बाजों व ढ़ोल नगाड़ों की थाप पर श्रीगणेश के जयघोष के साथ नाचते-गाते चल रहे थे। गणपति जी मूर्तियों को विसर्जन का बिजनौर बैराज गंगा घाट और हरिद्वार में विसर्जन किया।

शहर के मुहल्ला चौधरियान स्थित लाखन के घेर से शुरू हुई गणपति विसर्जन यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई बैराज गंगा घाट पहुंची। यहां विधि-विधान के साथ गणपति की मूर्ति का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा में मुख्य यजमान पंकज शर्मा, अतुल मिंटू, सलमान शाह, दीपक शर्मा, अनुभव चौधरी, मतिंदर उर्फ मिंटू, अनुज, प्रियांशु शर्मा, यश शर्मा, अक्षय अग्रवाल, अजय अग्रवाल व रॉकी अग्रवाल सहित



बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे सर्राफा बाजार से शुरू हुई गणपति विसर्जन यात्रा सिविल लाइन, नुमाइश ग्राउंड होते हुए गंगा बैराज पहुंची। यहां विधि-विधान एवं धार्मिक परंपराओं के अनुसार श्री गणपति महाराज की मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। शोभायात्रा में संघ के अध्यक्ष सुमित सिंघल, महामंत्री जंगबहादुर वर्मा, विजयंत राज अग्रवाल, संघ के संरक्षक अरविंद अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, अखिल अग्रवाल, विजय पाटिल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। मुहल्ला कुंवर बाल गोविंद एवं जाटान से शुक्रवार को दोपहर 12 बजे सर्राफा बाजार से नुमाइश ग्राउंड होती हुई गंगा बैराज पहुंची। यहां गणपति की मूर्ति विसर्जित की गई। शोभायात्रा में प्रदीप शर्मा, अजीत अग्रवाल, अभय कौशिकख् शिवानी अग्रवाल, प्रियंका चौधरी, दीपिका कौशिक समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। इस दौरान बैराज गंगा घाट पर आयोजित भंडारों में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## बिजनौर जैन समाज द्वारा कल मनाया जायेगा 'क्षमावाणी पर्व'




**बिजनौर ( चिंगारी )।** जैन समुदाय के प्रमुख 'दसलक्षण' पर्व के समापन पर स्थानीय शंभा बाजार स्थित श्री 1008 चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर के सामने स्थित जैन अतिथि भवन में कल क्षमावाणी का पर्व भव्य रूप से मनाया जायेगा। दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होने वाले कार्यक्रम में क्षमापना के उपरांत वक्ताओं द्वारा क्षमावाणी पर अपने विचार प्रस्तुत किये जायेंगे। तत्पश्चात बच्चों द्वारा कविता पाठ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस अवसर पर 15 लकी ड्रा भी निकाले जायेंगे। अंत में अनिल कुमार जैन एडवोकेट की धर्मपत्नी श्रीमती ऋतु जैन की ओर से व्रती, उपवासी, त्यागी सधर्मी भाई-बहनों का सम्मान किया जायेगा।

## कोतवाल मृदुल कुमार सिंह ने ज़ैद को शाबाशी दी



ज़ैद का स्वागत करते एसएचओ मृदुल कुमार सिंह।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कोतवाली अफजलगढ़ के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) मृदुल कुमार सिंह ने बीती कल शाम सब जूनियर ताइक्वांडो खिलाड़ी एस.एम. जैद को आशीर्वाद देते हुए उत्साहवर्धन किया। शुक्रवार की शाम कासमपुर गढ़ी स्थित पत्रकार एसएम असलम के आवास पर पहुंचे निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने जैद के शानदार प्रर्दशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य है। इन्हें जितना बेहतर से बेहतर हो सके संवारा जाए। इस दौरान पत्रकार एसएम असलम ने एसएचओ मृदुल कुमार सिंह का गर्मजोशी से खैरमकदम कर इस हौसला अफजाई के लिए उनका धन्यवाद किया। इस दौरान प्रधानपति शकील अहमद व दिलशाद सलमानी आदि भी मौजूद रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री को शिविर आयोजित किया

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** शुक्रवार को पास के ग्राम सीरवासुचंद में पंचायत घर पर राजस्व विभाग की ओर से किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित नायब तहसीलदार संजीव वाजपेई ने इस बाबत किसानों को विस्तृत जानकारी दी और फार्मर रजिस्ट्री की उपयोगिता बताई। उन्होंने इसकी पंजीयन प्रक्रिया के बारे में भी बताया और मौजूद किसानों का पंजीयन भी किया। इस मौके पर कानूनगो नरेश कुमार, हलका लेखपाल नागेंद्र सिंह व राजस्व विभाग के कई कर्मचारियों सहित नरेश कुमार, सुरेंद्र सिंह रिहाना, खातून, शबीना, बलवीर सिंह, हलीमा खातून, कपिल कुमार, राजेंद्र सिंह, प्रधान पुत्र मौ. रियाज, जाहिद हुसैन आदि अनेक किसान मौजूद रहे।



किसानों को फार्मर रजिस्ट्री की जानकारी देते नायब तहसीलदार संजीव वाजपेई।

## आईटीआई में प्रवेशित अभ्यर्थी ऑनलाइन कटा सकेंगे नाम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि इस वर्ष राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रथम बार ऑनलाइन नाम काटे जाने की प्रक्रिया जारी की है। इससे ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अब तक जारी तीन चरणों में प्रवेश ले लिया है, किंतु वह स्वयं को आवंटित ट्रेड अथवा संस्थान से संतुष्ट नहीं है या किन्हीं अन्य कारण से संस्थान से अपना नाम कटवाना चाहते हैं, वे 27 सितंबर 2026 से 29 सितंबर 2026 तक wwwscvtup.in पर क्लिक कर उचित कारण देते हुए अपना नाम कटवा सकते हैं। इससे उन अभ्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा, जिन्होंने प्रथम तीन चरणों में अपनी ट्रेड के परिवर्तन हेतु विकल्प दिया था। किंतु ट्रेड में स्थान रिक्त ना होने के कारण प्रवेश नहीं मिल पाया था। उन्हें अब उनकी मनवांछित ट्रेड में प्रवेश मिल सकेगा।

## यूपी बोर्ड के बच्चों ने ताइक्वांडो में जीते गोल्ड मेडल

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** सीबीएसई बोर्ड की ताइक्वांडो चैंपियनशिप के बाद अब यूपी बोर्ड के बच्चों ने भी मंडल स्तरीय चैंपियनशिप में धमाल मचा दिया। सेल्यूट ताइक्वांडो एकेडमी के कोच मौ. आरिफ ने बताया कि गत दिनों नजीबाबाद में हुई जिला स्तरीय यूपी बोर्ड ताइक्वांडो चैंपियनशिप में विजयी प्रतिभागी गत दिवस नहटोर में आयोजित मंडल स्तरीय चैंपियनशिप में शामिल हुए जिनमें एकेडमी के खिलाड़ियों शुभ चौहान, नक्षराज, इल्मा, कनक, प्रियांशी व चंचल ने गोल्ड मेडल जीतकर नाम रोशन किया और गोरखपुर में प्रस्तावित स्टेट चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए। मौ. आरिफ ने बताया कि एकेडमी के खिलाड़ियों वहाब, रजत, वंशपाल, वृंदा व रीजा खान ने अपनी अपनी कैटेगरी में दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीते हैं।



## विद्यालयों में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन हुआ

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल उलेढ़ा में वंदे मातरम के 150 वें वर्ष के उपलक्ष में राष्ट्र गीत का सामूहिक गायन हुआ। शैक्षिक संयोजक बिजनौर विभाग के तेजपाल सिंह कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि संसार में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जो अपने मातृभूमि को माता कहता है। वंदे मातरम सामाजिक समरसता वसुदेव कुटुंबकम तथा जननी जन्मभूमि स्वर्गादपि गरीयसी का संदेश देता है। इस गीत को गाते हुए क्रांतिकारी हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूम लेते थे। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह, विद्यालय प्रबंधक मा अजीत सिंह आदि ने भी अपने विचार रखें इससे पूर्व विद्यालय के भैया बहनों ने वंदना स्वागत और देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया कार्यक्रम में भैया बहनों के अलावा रमेश सिंह, दलेल सिंह, अजय, विपिन गुप्ता, यशपाल सिंह, अमन सिंह सहित भारी संख्या में अभिभावक और संभ्रान्त लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूपेंद्र सिंह इंजीनियर एवं संचालन वरिष्ठ आचार्य वीर सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य सुरेश कुमार चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा आदर्श विद्या मंदिर प्राइमरी स्कूल पीपली जट में भी



वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया जिसमें अध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा मुख्य वक्ता डॉ. नरेंद्र तोमर, संयोजक प्रदीप कुमार, अशोक गुप्ता, श्रीमती शिखा देवी, कुंता देवी, बिपाशा, निकिता, जन्नत, निशा एवं विद्यालय के भैया बहनों की उपस्थिति रही।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 27 सितम्बर 2026**

मेष- व्यक्तिगत कठिनाइयों का निराकरण, आर्थिक स्थिति में सुधार, साहसिक प्रयास प्रगति पर, बौद्धिक क्षमता का विकास, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, यात्रा सफल।

वृषभ- निराशा का समापन, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, परिवार में हर्षोल्लास, मनोविनोद के सुअवसर पर प्राप्त, बुद्धि का विकास।

मिथुन- दिनचर्या व्यवस्थित, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, कार्यक्षमता में वृद्धि, आपसी वैमनस्यता का समापन, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, वाहन से सुख।

कर्क- पारिवारिक तनाव, मित्रों से मतभेद, समस्याओं से मन दुविधामय, यात्रा निराशा-जनक, हानि भी संभव, धर्म-अध्यात्म के प्रति अरुचि, वाहन से दुर्घटना संभव।

सिंह- अधूरे कार्यों की पूर्ति, विरोधी परास्त, सामाजिक गतिविधियों में वृद्धि, इच्छाशक्ति का विकास, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, कर्ज की अदायगी, धर्म-अध्यात्म में आस्था।

कन्या- व्यक्तित्व का विकास, व्यावसायिक क्षेत्र में विस्तार, मेल-मिलाप में रुचि, दाम्पत्य सुखमय, प्रियजनों से सामंजस्य, आवागमन में अनुकूलता, धन की प्राप्ति।

तुला- मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक कार्यों में वृद्धि।

वृश्चिक-दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, व्यावसायिक असफलता, वाद-विवाद की आशंका, दाम्पत्य जीवन में कटुता, स्पष्टवादिता आपके लिए घातक, यात्रा विफल।

धनु- व्यावसायिक दृष्टिकोण से समय हितकर, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, भोग-विलासिता की ओर रुझान, मनोरंजन की ओर रुझान, जनकल्याण की भावना जागृत।

मकर- वांछित सफलता का सुअवसर, योजना साकार होने की ओर, आर्थिक पक्ष बेहतर बनने की ओर, पठन-पाठन में रुचि, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, सुपरिणाम की प्राप्ति।

कुम्भ- ग्रहस्थिति अनुकूल, मनोरथपूर्ण, मित्रों से विचार-विमर्श, समस्याओं का समाधान, मेल-मिलाप में रुचि, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, भौतिक सुख।

मीन- बने-बनाये कार्यों में अड़चनें, पारिवारिक उलझनें, मन अशांत, इच्छित पद की प्राप्ति में व्यवधान, धर्म-अध्यात्म के प्रति अरुचि, वैवाहिक जीवन में मतभेद।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# नगीना में धूमधाम से निकाली गई गणपति विसर्जन शोभायात्रा

**नगीना ( चिंगारी )**। नगर में भगवान श्री गणेश की भव्य व विशाल विसर्जन शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। यात्रा में दो दर्जन से अधिक बड़े तथा 50 से अधिक छोटे भगवान गणपति को विशेष तौर पर सजाकर श्रद्धालु हरिद्वार विसर्जन के लिए ले गए। शोभायात्रा के दौरान बैंडबाजे व ढोल की थाप पर गुलाल उड़ाते हुए श्रद्धालु नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे। शुक्रवार को श्री गणपति विशाल विसर्जन शोभायात्रा नगर के मोहल्ला मुगलान मानकचंद से बड़ा मंदिर मुक्तेश्वरनाथ के पुजारी पंडित विपिनचंद त्रिपाठी द्वारा की गई पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुई। गणेश मित्र मंडल द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में अध्यक्ष समीर बेरी, अग्रवाल सभा के प्रधान शीतल अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, सभासद गोपाल शर्मा, मुकुल गुप्ता, विनोद अरोड़ा, अनमोल अग्रवाल आदि मौजूद रहे। उधर गणपति सेवा मंडल मंदिर भोलानाथ द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में अध्यक्ष पवन कंबोज, प्रमोद चौहान, मुकेश गुप्ता, सीतांशु अग्रवाल, शलभ गोयल, विकास अग्रवाल आदि मौजूद रहे। मंदिर खोखरनाथ महादेव, लालसराय सैनी समाज, बाल्मीकि मंदिर, साहूवान मंदिर, पंजाबी महावीर मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, बाजार मंझलैटा,पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री सिद्धिविनायक मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों व नगर में अलग-अलग स्थानों व घरों में स्थापित छोटी व बड़ी भगवान श्री गणेश की मूर्तियां शामिल रहीं। शोभायात्रा नगर के सराफा बाजार से शुरू होकर कोतवाली मार्ग स्थित रेलवे फाटक के पास पहुंचकर संपन्न हुई, जहां से श्रद्धालु मूर्तियों को विसर्जन के लिए अपने-अपने वाहनों व आधा दर्जन से अधिक बसों द्वारा हरिद्वार ले गए। शोभायात्रा के जुलूस में गौरव शर्मा, सुनील मराठा, सार्थक गुप्ता, शिवा कर्णवाल, पंडित ओमप्रकाश शास्त्री, अजीत अग्रवाल, लवी मित्तल, नवनीत मित्तल आदि मौजूद रहे।



भगवान श्री गणेश भव्य विसर्जन शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

## अंत्योदय दिवस के रूप में मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती

**नगीना ( चिंगारी )**। लालसराय स्थित भाजपा प्रांतीय पार्षद एडवोकेट रोहित कुमार रवि के कैंप कार्यालय पर बृहस्पतिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती अंत्योदय दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सतीश गौतम और प्रांतीय पार्षद रोहित रवि समेत कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक सतीश गौतम ने कहा कि भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए योजनाएं बनाती है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही अंत्योदय का उद्देश्य है। प्रांतीय पार्षद रोहित रवि ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय समग्र मानवतावादी विचारधारा के समर्थक थे। उन्होंने राजनीति में नैतिकता, स्वदेशी अर्थव्यवस्था और लघु उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। सबके लिए शिक्षा, हर हाथ को काम और हर खेत को पानी उनके प्रमुख उद्देश्यों में शामिल थे। इस दौरान सक्रिय सदस्य संतोष देवी, बूथ अध्यक्ष अमन कुमार, अंबेडकर पार्क समिति अध्यक्ष शुगम चंद, अमूल नंदा, वेदराम सिंह, सीताराम सिंह, रितिक कुमार समेत स्थानीय लोगों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्प अर्पित कर नमन किया।



## अनंत चतुर्दशी पर दिगंबर जैन मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### दसलक्षण महापर्व के समापन पर भगवान जिनेंद्र देव का किया अभिषेक, विश्व शांति की कामना

**नगीना ( चिंगारी )**। दसलक्षण महापर्व के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी पर दिगंबर जैन मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना के साथ दसलक्षण महापर्व का समापन हुआ। इस दौरान मंदिर में भगवान जिनेंद्र देव के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। शनिवार सुबह मंदिर में भगवान के कलश अभिषेक और शांतिधारा का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ भगवान जिनेंद्र देव का अभिषेक कर विश्व शांति और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों के चलते भक्ति का माहौल बना रहा। दसलक्षण महापर्व के दौरान मध्य प्रदेश से आए पंडित राजकुमार जैन भगवा और पंडित गुलाबचंद जैन भगवा ने प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक कराया। श्रद्धालुओं ने धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर महावीर जैन मंदिर के प्रधान निर्मल कुमार जैन, कोमल प्रसाद जैन, प्रमोद जैन, अमित जैन (विक्की), संदीप जैन, ऋषभ जैन, प्रखर जैन, अतिश जैन, कमलेश जैन, शुभम जैन, शिवम जैन, एकांश जैन, अनंत जैन, अतुल जैन, आशु जैन, सरिता जैन, स्वाति जैन, मधु जैन और नेहा जैन आदि मौजूद रहे।



## अगले बरस तू जल्दी आ..

**शेरकोट ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर में श्री शिव गणेश कमेटी के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी के अवसर पर चल रहा 10वां श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव गणपति विसर्जन के साथ शुक्रवार को संपंन्न हो गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली और 'गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।**

विदित हो कि पिछले 10 दिन से ग्राम मिर्जापुर में पूजा-अर्चना चल रही थी। शुक्रवार को आचार्य पंडित शिवकुमार शर्मा ने यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ में गांव के काफी श्रद्धालुओं ने आहुति देकर कुशलता की कामना की। इसके बाद भक्तों ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली और 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों के साथ विभिन्न रास्तों से होकर गणेश जी की प्रतिमा का रामगंगा नदी में विसर्जन कर दिया गया। इस अवसर पर सर्वेश चौहान, विजेन्द्र चौहान, तनुज चौहान, राहुल चौहान, कितांशु चौहान, आशुतोष गौड़, तरुण चौहान आदि काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता का विशेष ध्यान रखा जाये : डीएम

## राज्य आंदोलनकारी चिन्हीकरण समिति की बैठक आयोजित



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण किए जाने के संबंध में गठित समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण से संबंधित प्रकरणों पर समिति के सदस्यों द्वारा विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण से संबंधित प्रकरणों का परीक्षण निर्धारित मानकों एवं शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त प्रकरणों में उपलब्ध अभिलेखों एवं साक्ष्यों का विधिवत परीक्षण करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि चिन्हीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रत्येक प्रकरण का परीक्षण उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर किया जाए। उन्होंने समिति के सदस्यों अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों के निस्तारण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में समिति के सदस्यों ने राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर अपने सुझाव विचार रखे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समिति के समक्ष आवश्यक अभिलेखों की जांच नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण करते हुए निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि.रा. के.के. मिश्रा, उप जिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार, डोईवाला अपर्णा ढौंडियाल, उप जिलाधिकारी सदर अपूर्वा सिंह, उप जिलाधिकारी ऋषिकेश कुमकुम जोशी, पुलिस विभाग से अधिकारी उपस्थित रहे। सदस्य राज्य आंदोलनकारी ओपी उनियाल, देवीगोदियाल, डीएस गुंसाई, विवेकानंद खण्डूड़ी, सरोज डिमरी, उर्मिला, निर्मला बिष्ट, पुष्पलता सिलमाना आदि उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय छात्र संघ चुनाव के चर्चे प्रत्याशियों ने दाखिल किये पर्चे

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में छात्रसंघ चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। विभिन्न छात्र संगठनों और समूहों से जुड़े प्रत्याशियों ने अलग-अलग पदों के लिए नामांकन दाखिल किए। मुख्य चुनाव अधिकारी छात्र संघ डॉ. सूरत सिंह बलोड़ी ने बताया कि महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव के लिए 29 सितंबर को मतदान होना है। गुरुवार को एबीवीपी की ओर से अध्यक्ष पद पर अनिकेत डुगलचा, उपाध्यक्ष पद पर क्षितिज अग्रवाल, सचिव पद पर मानस और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर उज्ज्वल गौड़ ने नामांकन किया। एनएसयूआई की ओर से कोषाध्यक्ष पद के लिए मीनाक्षी नेगी ने नामांकन दाखिल किया। वंदे मातरम् ग्रुप की ओर से अध्यक्ष पद पर मनीष नेगी, उपाध्यक्ष पद पर प्रेरणा, सचिव पद पर शिव कश्यप, सहसचिव पद पर अंकिता और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर प्रेरणा ने नामांकन किया। वहीं जय हो ग्रुप की ओर से अध्यक्ष पद के लिए स्वाति रियाल और सहसचिव पद के लिए काजल ने नामांकन दाखिल किया। महाविद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से छात्रसंघ चुनाव को लेकर परिसर में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। बताया कि नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी के बाद चुनाव मैदान में प्रत्याशियों की अंतिम स्थिति स्पष्ट होगी।

## बनबसा में कैबिनेट बैठक को लेकर सियासत गरम, कांग्रेस ने बताया 'नौटंकी'

**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में 4 अक्टूबर को बनबसा स्थित एनएचपीसी परिसर में कैबिनेट बैठक प्रस्तावित है। यह चंपावत जिले में पहली कैबिनेट बैठक होगी। सचिवालय स्तर पर बैठक की तैयारियां की जा रही हैं और विभिन्न विभागों के प्रस्तावों को अंतिम रूप दिए जाने की प्रक्रिया चल रही है। सरकार की ओर से देहरादून से बाहर कैबिनेट बैठक आयोजित करने को स्थानीय और क्षेत्रीय मुद्दों को शासन के सामने रखने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले भी उत्तराखंड में गैरसैंण, हरिद्वार, टिहरी, पौड़ी और अल्मोड़ा सहित विभिन्न स्थानों पर कैबिनेट बैठकें आयोजित हो चुकी हैं। हालांकि बनबसा में प्रस्तावित बैठक को लेकर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने इसे 'नौटंकी' करार देते हुए कहा कि सरकार को अलग-अलग स्थानों पर बैठक करने के बजाय उन क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान और घोषित योजनाओं को धरातल पर उतारने पर ध्यान देना चाहिए।




सूर्यकांत धस्माना

धस्माना ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता जिस तरह की राजनीतिक गतिविधियां करते हैं, प्रदेश में भी उसी तरह की 'नौटंकी' की जा रही है। उनके मुताबिक सरकार चाहे प्रदेश में कहीं भी कैबिनेट बैठक आयोजित करे, केवल बैठक का स्थान बदलने से लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यदि सरकार की मंशा पहाड़ और दूरदराज के क्षेत्रों के विकास की है तो देहरादून में बैठकर भी नीतियां बनाकर उन्हें धरातल पर लागू किया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि समस्या बैठक के स्थान की नहीं, बल्कि योजनाओं को लागू करने की इच्छाशक्ति की है।

## विद्या मंदिर में हुआ सामूहिक वंदे मातरम गान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत जानकी नगर स्थित रितेश शर्मा हेमनदास सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज में नमामि भारतम् अभियान के अंतर्गत वंदेमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य सामूहिक वंदेमातरम् गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कुंज बिहारी भट्ट द्वारा वंदेमातरम् के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर अपने विचार रखे गए। तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों व आचार्यों द्वारा निर्धारित समय 11 बजे पूर्वान्ह में सामूहिक रूप से वंदेमातरम् का गायन किया गया। वहीं मेहरबान सिंह कण्डारी सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में भी निर्धारित समय पर वन्देमातरम् का सामूहिक गायन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, अतिथि गणों एवं पूरे विद्यालय आचार्य परिवार द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## जन समस्याओं को लेकर नागरिक मंच ने अधिकारियों से की समाधान की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** आमजन की विभिन्न समस्याओं को लेकर नागरिक मंच का प्रतिनिधिमंडल संबंधित विभागों के अधिकारियों से मिला और समस्याओं के निराकरण की मांग की। सर्वप्रथम नागरिक मंच के प्रतिनिधिमंडल ने कोतवाल प्रदीप नेगी से मिलकर उन्हें बताया कि शहर में कई वाहन बगैर नंबर दौड़ रहे हैं। कई वाहन चालक यातायात नियमों के अनदेखी कर वाहन दौड़ा रहे हैं। वाहनों की तेज गति से जहां घटनाएं हो रही हैं, वहीं साइलेंसर की तेज ध्वनि राहगीरों को परेशान कर रही है। उन्होंने कोतवाल से इस पर अंकुश लगाने और कार्रवाई करने की मांग की। तत्पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त से मिलकर अग्रिम गृह कर लिए जाने और उसके भुगतान में विलंब होने पर अतिरिक्त शुल्क लगाने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए व्यवस्था में सुधार की मांग की। साथ ही चिल्लरखाल-लालढांग मार्ग को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने लैंसडौन वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी से भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी, महासचिव अतुल भट्ट, देवव्रत काला, राजेंद्र पंत, हर्षवर्धन ध्यानी, सुनील कोटनाला, केसीराम निराला, शंकर दत्त गौड़, सुरेश मधवाल आदि शामिल रहे।

## भगवान को प्रसन्न करने का सबसे श्रेष्ठ साधन है यज्ञ : केशव स्वरूप

### अतिरुद्र महायज्ञ आयोजित



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** नगर में चल रहे अतिरुद्र महायज्ञ में विधि विधान से यज्ञ कुंडों में निर्धारित आहुतियां प्रदान की गई। ब्रह्मलीन श्री शंकराचार्य स्वामी माधवाश्रम जी महाराज की पावन स्मृति एवं संत परंपरा के संरक्षण में आयोजित अतिरुद्र महायज्ञ के पंचम दिवस पर भगवान रुद्र का विशेष पूजन-अर्चन किया गया। पंचम दिवस के यजमान प्रसिद्ध व्यवसायी मुकेश शर्मा (करनाल) रहे। दंडी स्वामी अनिरुद्धानन्द तीर्थ के संकल्प से आयोजित यज्ञ के संयोजक ब्रह्मचारी केशव स्वरूप जी महाराज ने कहा कि यज्ञ केवल अग्नि में आहुति देने का नाम ही नहीं बल्कि मानव एवं जीव मात्र के कल्याण का कारक भी है। उन्होंने कहा कि भगवान को प्रसन्न करने का सबसे श्रेष्ठ साधन शास्त्रों पुराणों में यज्ञ ही बताया गया है। भगवत प्राप्ति के जितने भी साधन हैं उनमें विधि विधान से किया गया यज्ञ सर्व श्रेष्ठ है। इस अवसर पर ब्रह्मचारी कल्याण स्वरूप, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व मुख्यमंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तीरथ सिंह रावत, ऋषिकेश विधायक प्रेम चंद्र अग्रवाल, कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला, कांग्रेस अध्यक्ष ललित मिश्रा, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राकेश मियां, भाजपा पूर्व अध्यक्ष दिनेश सती, आचार्य देवेन्द्र दत्त सकलानी ने यज्ञ स्थल पर पहुंच कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यज्ञ में आचार्य राकेश बहुगुणा, आचार्य गंगाराम व्यास, डॉक्टर जनार्दन प्रसाद कैरवान, जितेंद्र प्रसाद भट्ट, आचार्य शिव प्रसाद सेमवाल, कथा वाचक शिवस्वरूप नौटियाल, सुरकंडा डोली, उपासक अजय विल्लवाण, आचार्य नरेंद्र सकलानी, सुभाष डोभाल, अभिषेक शर्मा, सूरज बिजल्वाण, आचार्य शंकर भट्ट, आचार्य सुरेश पंत ट्रस्ट के ट्रस्टी संजय शास्त्री, शैलेंद्र मिश्रा, डॉ. राजेश नैथानी एल.पी.पुरोहित आदि उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## जोरदार बारिश में भीगते हुए भव्य कलश यात्रा निकाली



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** खानपुर में जोरदार बारिश के बीच कलश यात्रा निकालकर श्रीमद भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ किया गया। ग्राम खानपुर स्थित नाथ जी की कुटी वाले मंदिर से आज पूर्वाहन 11.30 बजे कलश यात्रा की शुरुआत हुई। जोरदार बारिश में भीगते हुए श्रद्धालुओं ने नाथ जी की कुटी वाले मंदिर से कथा स्थल वी.के. फार्म हाउस तक ढोल की थाप पर कलश यात्रा निकाली। उसके उपरांत कथा स्थल पर पूजन हुआ। मुख्य यजमान वर्षा-केशव शरण रहे। कलश यात्रा में कथावाचक पं. राजू गौड़, ठाकुर सिंह, राधेश्याम सिंह, सुभाष सिंह, राकेश परमार, गौरव कुमार, नवीन अग्रवाल, अमित अग्रवाल, गौतम कुमार, सचिन कुमार, सुदेशना देवी, अंकुर देवी, मीनाक्षी देवी, अर्चना देवी, माया देवी, अंशु देवी आदि शामिल रहे।

# धार्मिक आयोजनों में देवी-देवताओं के स्वरूप को नचाने एवं आपत्तिजनक गीतों पर रोक की मांग



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए संस्था के पदाधिकारी

**धामपुर ( चिंगारी )।** हिन्दवी स्वराज्य संघ द्वारा धार्मिक यात्राओं, शोभायात्राओं, जागरणों एवं अन्य धार्मिक आयोजनों में देवी-देवताओं के स्वरूपों को नचाने तथा भगवान श्री राधा-कृष्ण, भगवान शिव, श्री गणेश एवं अन्य देवी-देवताओं के नाम पर अश्लील, द्विअर्थी एवं आपत्तिजनक गीत बजाए जाने पर रोक लगाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी धामपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि धार्मिक आयोजन श्रद्धा, आस्था एवं मर्यादा से जुड़े होते हैं। ऐसे आयोजनों में देवी-देवताओं का स्वरूप धारण कराकर नृत्य करवाना तथा उनके नाम पर फूहड़ अथवा अपमानजनक गीतों का सार्वजनिक रूप से प्रसारण धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है। संघ ने प्रशासन से इस प्रकार की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की। साथ ही कहा कि धार्मिक आयोजनों की अनुमति देते समय आयोजकों एवं डीजे संचालकों को धार्मिक मर्यादा बनाए रखने के लिए स्पष्ट एवं कड़े निर्देश दिए जाएं तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों, आयोजकों अथवा डीजे संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जाए।

ज्ञापन देने वालों में प्रदेश महामंत्री उत्तर प्रदेश अरुण प्रताप चौधरी (एडवोकेट), प्रदेश अध्यक्ष विभूतिकांत शर्मा, अखाड़ा गुरुजी हरिओम शर्मा, समाजसेवी डॉ. एन.पी. सिंह, संजय शर्मा (बिल्लू), कृष्णा चंद्रा, दिव्यांश पुष्पक, एडवोकेट सुमित सहरावत, आर्यन गोस्वामी, चौधरी निपेंद्र सिंह उपस्थित रहे।


**स्टाफ की आवश्यकता है**

**सेल्स, लेबर और कॉलिंग के लिए काम करने वाले युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

पद- सेल्स / लेबर / कॉलिंग

**वेतन- योग्यता एवं कार्य के अनुसार**

**सम्पर्क करें-**

**गुप्ता मशीनरी स्टोर के पास थाना कोतवाली, बिजनौर**

**मो. 9897501233**


# मूसलाधार बारिश में भी गूंजा पुरानी पेंशन बहाली का नारा

## लखनऊ के इको गार्डन में जुटे हजारों शिक्षक-कर्मचारी, टीईटी अनिवार्यता, एनपीएस व निजीकरण का किया विरोध



**बिजनौर ( चिंगारी )।** टीईटी अनिवार्यता, एनपीएस और निजीकरण के विरोध में अटेवा की महारैली में मूसलाधार बारिश के बावजूद प्रदेशभर से हजारों शिक्षक और कर्मचारी लखनऊ के इको गार्डन पहुंचे। मैदान में ओपीएस लिखे छाते नजर आए। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता, एनपीएस और निजीकरण का विरोध जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने मांगों पर गंभीरता नहीं दिखाई तो तीन माह बाद लखनऊ में 'डेरा डालो-घेरा डालो' आंदोलन के तहत क्रमिक अनशन किया जाएगा। प्रदेश पदाधिकारियों ने एनपीएस और निजीकरण को कर्मचारी हितों के साथ देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी नुकसानदायक बताया। रैली में उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और रेलवे से जुड़े शिक्षक-कर्मचारी भी शामिल हुए। महारैली के दौरान डीसीपी ने ज्ञापन लिया और प्रतिनिधिमंडल की मुख्य सचिव से वार्ता कराने का आश्वासन दिया। साथ ही एक सप्ताह के भीतर मुख्यमंत्री से वार्ता कराने का आश्वासन मिलने के बाद विजय कुमार बंधु ने रैली समाप्ति की घोषणा की।





